तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 14.5 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026



बस स्टैण्ड के पास बना आकर्षक फौवारा



## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 12 एवं 13 को

**बिलासपुर**। राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 12 एवं 13 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आईटीआई कोनी में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 26 निजी कंपनियों द्वारा फायनेंस, एग्रीकल्चर, मैनेजमेंट, मेडिकल व फार्मेसी, सोलर एनर्जी, टेक्सटाइल इंडस्ट्री, सर्विस टेक्निकल, मेनुफैक्चरिंग, सिक्यूरिटी सर्विस, इंश्योरेंस, आटोमोबाईल, ज्वेलरी जैसे क्षेत्रों में लगभग 4 हजार पदों पर भर्ती की कार्रवाई की जाएगी। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए रोजगार पंजीयन, ई रोजगार पोर्टल में आवेदक का ऑनलाइन मेला पंजीयन होना अनिवार्य है।

# नोजल टेस्टिंग के नाम पर 33 लाख का पेट्रोल-डीजल पार

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

मुंगेली नाका स्थित नगर निगम के पेट्रोल पंप में नोजल टेस्टिंग के नाम पर विगत लंबे समय से पेट्रोल-डीजल चोरी का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। अधिकारियों की मौन सहमति के आधार पर कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन टेस्टिंग के नाम पर औसतन पंद्रह लीटर पेट्रोल-डीजल निकाला जा रहा है। केवल तीन वर्ष में ही टेस्टिंग की आड़ में करीब साढ़े नौ हजार लीटर पेट्रोल-डीजल पार हो चुका है, जिसकी बाजार कीमत 33 लाख रूपए होती है। कड़ी आडिट आपत्ति के बाद अब इस मामले में जांच की जा रही है।

स्थापना के समय से ही विवादों से घिरे रहने वाले नगर पालिक निगम के पेट्रोल पंप में एक और बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। संपरीक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे ऑडिट के अनुसार पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने कई सालों से नोजल टेस्टिंग के नाम पर प्रतिदिन पेट्रोल व डीजल तो निकाला है, लेकिन उसका कोई हिसाब नहीं रखा है। जाहिर सी बात है कि टेस्टिंग के नाम पर निकाले गए उक्त पेट्रोल-डीजल को या तो अपने निजी वाहनों में उपयोग किया गया होगा या फिर बाजार में बिक्री कर आर्थक लाभ प्राप्त कर लिया गया होगा।

आडिट आपत्ति के अनुसार बीते तीन वित्तीय वर्षों में कर्मचारियों ने कुल 9 हजार 378 लीटर पेट्रोल व डीजल की चोरी की है, जिसमें 4 हजार 611 लीटर पेट्रोल एवं 4 हजार 767 लीटर डीजल शामिल है। चोरी किए गए पेट्रोल-डीजल की बाजार कीमत का आंकलन करें तो यह करीब 32 लाख 76 हजार 844 रूपए का होता है। बहरहाल इस संबंध में आडिट विभाग की आपत्ति के बाद निगम प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है, जिसकी रिपोर्ट आने पर ही दोषियों का पता चल सकेगा।



नगर निगम के पेट्रोल पंप का मामला

- टेस्टिंग के नाम पर हर रोज निकाला गया औसतन 15 लीटर पेट्रोल-डीजल
- न स्टॉक पंजी न बिक्री में दर्शाया गया

### संबंधित विभाग करेगा कार्रवाई

संबंधित विभाग इस पर कार्रवाई कर रहा होगा। प्रकरण फिलहाल मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं देख लेता हूं।

**प्रकाश कुमार सर्वे**, कमिश्नर नगर पालिक निगम

### पत्र भेजा गया

संपरीक्षा विभाग ने ऑडिट के बाद नोजल टेस्टिंग के नाम पर तीन साल में 33 लाख की पेट्रोल-डीजल की गड़बड़ी के संबंध में पत्र भेजा है। इस संबंध में बीते दिनों ज्वाइंट डायरेक्टर द्वारा मुझे चर्चा के लिए बुलाया भी गया था। हमने पेट्रोल-डीजल की गलत तरीके से बिक्री नहीं की है। जो भी पेट्रोल-डीजल निकाला गया है वो स्टॉक में दर्ज भी है।

- **जयप्रकाश दुबे**, प्रभारी नगर निगम पेट्रोल पंप

### तीन साल के आडिट में फूटा बम 15 साल के ऑडिट में क्या होगा?

संपरीक्षा विभाग द्वारा नगर निगम के पेट्रोल पंप के फिलहाल वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 व 2024-25 के ऑडिट में ही इतनी बड़ी अनियमितता का पता चला है, जबकि पेट्रोल पंप की स्थापना वर्ष 2011 से की जा चुकी है। इस बात की पूरी संभावना है कि पेट्रोल पंप की स्थापना से लेकर आज दिनांक तक का ऑडिट किया गया तो परिणाम शत प्रतिशत चौकाने वाले होंगे।

### संपरीक्षा विभाग की कड़ी आपत्ति

छत्तीसगढ़ नगर पालिका लेखा नियम 1971 के नियम 199-1 के अनुसार नगर पालिका निधि या संपत्ति जिसका मूल्य 50 रूपए या इससे अधिक हो जिसे गबन या चोरी होना पाया जाता है तो नगर पालिकाधिकारी इसकी सूचना जिलाध्यक्ष व एक्जामिनर लोकल फंड एकांऊट्स को दिया जाना अनिवार्य है। इसी तरह नियम 199-3 के अनुसार 1 हजार से अधिक की हानि के सभी प्रकरण की सूचना जिलाध्यक्ष के माध्यम से राज्य शासन को दिया जाना अनिवार्य है।

**क्या कहता है नियम :** नियमित प्रक्रिया के अनुसार नोजल टेस्टिंग के लिए निकाले गए पेट्रोल एवं डीजल की मात्रा को मीटर रीडिंग में घटाकर आगामी दिवस के लिए प्रारंभिक स्टॉक में अंकित कर पुनः नोजल टेस्टिंग की जानी थी। उक्त प्रक्रिया निरंतर प्रतिदिन अपनाई जानी आवश्यक थी। इसके विपरीत अधिकारियों की मिलीभगत से पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने प्रतिदिन नोजल टेस्टिंग के नाम पर हर रोज औसतन 10 से 15 लीटर पेट्रोल-डीजल तो निकाला, लेकिन न तो स्टॉक में दर्शाया और न ही बिक्री में ही दर्शाया, बल्कि कूट रचना कर व्यक्तिगत अनुचित लाभ लेते रहे।

## 60 लाख की पेनाल्टी लगाई गई

# 13 करोड़ की शटल टाइप कार पार्किंग साढ़े तीन साल लेट

### खास बातें

- अभी तक सिर्फ लोहे का ढांचा ही खड़ा हो सका, उपयोगिता पर पहले ही सवाल
- अब दावा कि मार्च 2026 तक पूरा होगा, टेंडर अवधि जनवरी 2024 में ही खत्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। करीब 13 करोड़ में बन रहे इस पार्किंग के काम में साढ़े तीन साल की देरी हो चुकी है और अभी सिर्फ लोहे का ठांचा ही खड़ा हो सका है। काम में लापरवाही और देरी के मामले में कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है इसके बाद भी काम लगभग बंद सा पड़ा है। मौके पर इक्का दुक्का मजदूर ही दिखाई पड़ते हैं।

हालांकि निगम का दावा है कि जल्दी ही काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पार्किंग का पूरा सामान कोलकाता से बनकर आएगा और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएगा। सारा सामान भी कोलकाता का ही है और क्योंकि ठेका कंपनी भी वहीं की है। ध्यान रहे कि इस पार्किंग को शुरू करने के लिए पहले मई 2023 और फिर जून 2024 तक की समय सीमा तय की गई थी।

स्मार्ट सिटी की ओर से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इस आटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसका तीन साल पहले हुआ था और एक साल में काम पूरा करना था। कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इस बड़े काम का ठेका दिया गया लेकिन उसने शुरू से ही लापरवाही बरती। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि जनवरी 2024 में समाप्त होने के बाद भी काम फाउंडेशन से ऊपर तक नहीं पहुंच सका था। हालांकि बाद में सख्ती बरती गई तो ठेका कंपनी ने काम में कुछ तेजी दिखाई और लोहे का स्ट्रक्चर पूरा खड़ा कर लिया गया है।

### पाच सालों तक संचालन और रखरखाव करेगी कंपनी

टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी द्वारा पाच सालों तक इसका संचालन और रखरखाव किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक शहर के मध्य एक सर्वसुविधायुक्त मल्टीलेवल कार पार्किंग की ज़रूरत महसूस की जा रही थी। पुराना बस स्टैंड में कार पार्किंग सुविधा शुरू हो जाने से यह कमी पूरी हो जाएगी। मल्टीलेवल कार पार्किंग के शुरू हो जाने से पूरे एरिया में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगा।

### की गई है पेनाल्टी

इस पार्किंग के लिए सबसे महत्वपूर्ण काम लोहे का स्ट्रक्चर खड़ा कर लिया गया है। पार्किंग के उपकरण कोलकाता से बनकर आंएगे और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएंगे। लापरवाही और काम में देरी के मामले में ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि की पांच फीसदी राशि लगभग 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है।

- **राजकुमार मिश्रा**
चीफ इंजीनियर, नगर निगम

### 100 रुपए शुल्क कौन देगा

निगम द्वारा अब कहा जा रहा है कि पार्किंग के लिए स्लैब ढालने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके साथ ही पार्किंग के मैकनिकल उपकरण कोलकाता से लाकर सीधे यहां फिट कर दिए जाएंगे। इधर सवाल इस पार्किंग की उपयोगिता को लेकर है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक यहां पार्किंग के लिए 100 रुपए प्रति दिन का लिया जाएगा। व्यापारियों और शहरवासियों का कहना है कि बिलासपुर में इस तरह से इसका उपयोग बहुत कम लोग ही कर पाएंगे। कलेक्टोरेट, सिटी कोतवाली से लेकर लखीराम आडिटोरियम में जहां पार्किंग लगभग निशुल्क है वहां तो इक्का दुक्का लोग ही वाहन खड़ी कर रहे हैं ऐसे में बस स्टैंड में शुल्क देकर गाड़ियों की पार्किंग कौन करेगा।

### आटोमेटिक सिस्टम से ऊपर जाएगी कार

ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है, जो पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी। इमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में यह पार्किंग बनाई जा रही है जो कि चार मंजिला होगी। पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर में कार और बाइक पार्क किया जाएगा। इसमें 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी।

# डीएनए टेस्ट के लिए पहुंची पीड़िता, डॉक्टर नदारद

**बिलासपुर**। रेप पीड़िता के पास्को एक्ट जैसे मामले में भी जिला अस्पताल के डाक्टरों की खासी लापरवाही बरत रहे हैं। सोमवार को 6 वर्षीय बच्ची महज डाक्टरों के नहीं होने के कारण जिला अस्पताल के परिसर में 4 घंटे तक इंतजार करती रही, इस दौरान उसकी स्थिति खराब थी और वह अपने भाग्य को कोसती रही, लेकिन प्रबंधन की लापरवाही के कारण पुलिसकर्मी, आरोपी और पीड़िता सभी को इंतजार करते बैठे रहने की मजबूरी का सामना करना पड़ा।

- पाक्सो एक्ट के मामले में पीड़िता और आरोपी का ब्लड सैंपल लेने में कोताही



आरोपी

नए बीएनएस कानून के मद्देनजर पाक्सो एक्ट में पीड़िता और आरोपियों को डीएनए टेस्ट की जरूरी पड़ रही है, लेकिन सरकारी कामकाज पीड़िता के लिए भारी मशक्कत भरा हो रहा है। ऐसा ही वाकया जिला अस्पताल में देखने को मिला, जहां 6 साल की बच्ची 4 घंटे तक महज इसलिए इंतजार करती रही, ताकि कोई डाक्टर आकर दस्तावेजों में हस्ताक्षर कर दे। बताया जा रहा है कि इस दौरान पीड़ित के साथ आरोपी और पुलिसकर्मियों को इंतजार करना पड़ा, पीड़िता कई बार घर जाने की जिद्द भी करती रही, लेकिन पुलिसवालों ने महज कुछ देर का दिलासा दिलाकर उसे चुप कराते रहे लेकिन डाक्टर और स्टाफ का दिल नहीं पसीज रहा था। इस मामले में पुलिसकर्मी लगातार सिविल सर्जन और आरएमओ को कॉल लगाते रहे लेकिन हर बार कोई ना कोई बहाना बनाकर उन्हें इंतजार करना ही डाक्टरों ने अपना काम समझा, करीब 3 बजे डाक्टर आकर दस्तावेजों का परीक्षण कर हस्ताक्षर कर गए जिसके बाद ही पीड़िता और आरोपियों के ब्लड सैंपल लिए गए। इससे एक बार सामने आई कि पाक्सो जैसे संवेदनशील मामले में 6 वर्षीय बच्ची को सरकारी ढर्रे का सामना करना पड़ रहा है।

### एफएसएल रिपोर्ट जरूरी

बताया जा रहा है कि पाक्सो एक्ट के मामले में कई बार आरोपी व पीड़िता के ब्लड सैंपल लिए जाते हैं। इसमें सीमन सैंपल भी कलेक्ट किया जाता है। जिसे चलते पहले मजिस्ट्रेट से परमिशन लेकर पीड़िता और आरोपी को एक ही दिन ले जाकर सैपलिंग कराई जाती है। इसके लिए डाक्टरों के हस्ताक्षर की जरूर पड़ती है लेकिन जिला अस्पताल में डाक्टरों की भर्राशाही हावी है। समय पर डाक्टर नहीं मिलने के कारण पीड़िता को इंतजार करना पड़ता है।

### एक्सर्ट व्यू

एडवोकेट अजीत सिंह ने बताया कि हर मामले में डीएनए टेस्ट कराने की जरूरत नहीं पड़ती है, लेकिन न्यायालय द्वारा निर्देशित होने पर पुलिस को डीएनए टेस्ट कराना पड़ता है। बच्ची से रेप के मामले में ज्यादातर केसों में परिजन और पीड़िता की गवाही में ही सजा दिलाई जा सकती है।




# दो युवकों को बाइक ने मारी टक्कर नाले में गिरकर एक की मौत

सुबह घर के पास टहल रहे थे



मृतक



**बिलासपुर**। सुबह घर के पास टहल रहे दो युवकों को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक नाले में गिर गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरे को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, शंकरनगर बाम्बे आवास निवासी राहुल यादव पिता राजू यादव 25 साल दोस्त सुमीत यादव पिता दिलीप यादव 18 साल के साथ 9 फरवरी की सुबह पौने पांच बजे घर के पास टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 बीटी, 5793 के चालक ने दोनों युवकों को टक्कर मार दी। जिससे वे नाले में गिर गए। आसपास के लोगों ने नाले से दोनों युवकों को बाहर निकालकर इलाज के लिए सिम्स भेजा। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद राहुल यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुमीत यादव का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# फिर तिफरा फ्लाई ओवर पर दो कारों में टक्कर, एक घायल

**बिलासपुर**। तिफरा फ्लाईओवर पर रायपुर जा रहे कार सवार को क्रेटा कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार को चोट आई है और कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने क्रेटा कार के चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



घायल

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, रायपुर शंकरनगर निवासी राहुल श्रीवास्तव पिता राकेश कुमार श्रीवास्तव 4 फरवरी को अपने ससुराल सरकण्डा आए थे। 8 फरवरी को वे अपनी कार क्रमांक सीजी 07 सीसी, 0142 से रायपुर जा रहे थे। शाम 4.30 बजे तिफरा फ्लाईओवर के बीच में सामने से आ रहे क्रेटा कार क्रमांक सीजी 12 बीएन, 6555के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में श्री श्रीवास्तव के गला, छाती, दाहिने हाथ में चोट आई है। वहीं उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्री श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर क्रेटा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन ने की त्रिपुरा के राज्यपाल से सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का त्रिपुरा प्रवास आज अगरतला एयरपोर्ट पर आगमन के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रवास के दौरान श्री साहू ने त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू से राजभवन में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य के विकास एवं केंद्र-राज्य समन्वय से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। श्री साहू कल केंद्रीय बजट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे, जिसमें बजट की प्रमुख विशेषताओं एवं जनहित से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी।

### उसलापुर से बिलासपुर के बीच घंटों रोकी जाती है यात्री ट्रेनें



**बिलासपुर।** माल लदान का दबाव इतना अधिक बढ़ गया है कि कटनी से बिलासपुर आने वाली यात्री ट्रेनों को उसलापुर से बिलासपुर के बीच तिफरा क्रासिंग के पास घंटों नियंत्रित कर केवल मालगाड़ियों को छोड़ने का काम किया जा रहा है। इसके कारण ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्री प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं। मार्च समाप्त होने में अभी 1 माह 18 दिन शेष हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को माल लदान का टारगेट दिया गया है। इन डेढ़ माह के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को रेलवे बोर्ड से माल लदान के लिए मिले टारगेट को पूरा करने और उससे अधिक करने का भरपूर प्रयास में जोन और बिलासपुर, नागपुर एवं रायपुर के अफसर जुटे हैं। इसके लिए केवल मालगाड़ियों का परिचालन बिलासपुर के साथ तीनों डिवीजन में सबसे अधिक किया जा रहा है। बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जहां यात्री गाड़ियां खड़ी की जाती थी, वहां अब केवल मालगाड़ियों का स्टापेज घंटों हो रहा है। इसकी वजह से यात्री गाड़ियों को आउटर में नियंत्रित करने से हजारों यात्री हलाकान हो रहे हैं। ऐसी परिस्थिति प्रतिदिन की है, जब दाधापारा से बिलासपुर, गतौरा से बिलासपुर के साथ उसलापुर से बिलासपुर स्टेशन तक तक यात्री ट्रेन को पहुंचने में घंटो समय लग रहा है। वर्तमान में बिलासपुर सहित तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में 315 से अधिक मालगाड़ियां, 35 से अधिक लांग हॉल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों की संख्या 115 से 120 के करीब है, जिसमें पैसेंजर, मेमू, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें शामिल हैं। मालगाड़ियों के लाइन पर दौड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को ग्रीन सिग्नल नहीं मिल पाता है।

### बांग्लादेश को प्रस्तावित सहायता राशि पर पुनर्विचार करने पीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



**बिलासपुर।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार, हत्याओं एवं मानवाधिकार उल्लंघन के संबंध में तथा वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में बांग्लादेश को प्रस्तावित सहायता राशि पर पुनर्विचार करने प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बिलासपुर मुस्लिम समाज ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे निरंतर अत्याचारों, हिंसक घटनाओं एवं हत्याओं की और आकृष्ट कराना चाहते हैं। हमें यह ज्ञात हुआ है कि वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट में बांग्लादेश को सहायता राशि का प्रावधान किया गया है। निवेदन हैं कि जब तक बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों, हिंसा एवं हत्याओं पर ठोस रोक नहीं लगती और वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, तब तक बांग्लादेश को दी जाने वाली इस सहायता राशि को तत्काल प्रभाव से रोका हटाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नूरुल हुदा, सैयद इमरान, सरताज, सज्जू ख़ान, मुजम्मिल ख़ान, खालिद ख़ान, समीर रज़ा अहमद रज़ा, अली अंसारी , ग़ुलाम, मज़हर ख़ान आदि शामिल हैं।

### लालखदान ओवर ब्रिज बना मौत का ब्रिज फिर भी भारी वाहनों का प्रवेश जारी

**बिलासपुर।** लालखदान ओव्हर ब्रिज पर 8 फरवरी को तेज रफतार हाइवा के चपेट में आकर गॉव के ही निवासी विशाल साहू का दुःखद निधन हो गया। युवा विशाल साहू मेला देखकर अपने घर लौट रहा था उसी वक्त नो एंट्री क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेशकर तेज रफ्तार हाइवा ने उसकी जान ले ली। लाल खदान ओव्हर ब्रीज धीरे धीरे मौत का ब्रिज बनता जा रहा है। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ग्राम महमंद ओव्हर ब्रिज के पास निवास करने वाले प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय ने कहा कि तीन साल के अंदर महमंद चौक एवं ओवर ब्रिज पर 8 से अधिक अकाल मौतें हो चुकी हैं। ब्रिज की सड़क जर्जर हो चुकी है, सेतु निगम से लगातार शिकायत करने के पश्चात भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती। महमंद चौक से सुबह 08 बजे के बाद भारी वाहन रात्री 08 बजे तक प्रवेश वर्जित है फिर भी स्थानीय खनिज परिवहन विशेषकर रेत गिट्टी मुरूम एवं ईट की ट्रके पूरे दिन चलती रहती है जिस पर कोई रोक टोक नहीं की जाती। अभयनारायण राय ने बताया कि यातायात विभाग की गाड़ी लगभग सप्ताह में 05 दिन ब्रिज के नीचे या बड़े हनुमान मंदिर के पास लगातार दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन पर चलानी कार्यवाही करती है तीन चार घंटे चलानी कार्यवाही के पश्चात जब गाड़ी चली जाती है तो बड़ी गाड़यिा बेखौफ खनिज परिवहन का कार्य नोएंट्री के समय करती पायी जाती है। स्थानीय गाड़ी मालिक होने के कारण चालक गाड़ी की स्पीड भी राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह ही रखते है जिसके कारण हादसा लगातार हो रहा है। मृतक विशाल साहू की मृत्यु भी लापरवाह चालक के कारण, स्पीड में रहने के कारण हुई है। श्री राय ने कहा कि ओव्हर ब्रिज के पुल की जर्जर सड़क की मरम्मत नोएंट्री के समय भारी वाहन के प्रवेश पर रोक और मृतक को उचित मुवावजा की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौपा जाएगा।

**एयू से भी अधिकारी गए थे राजभवन**

**तीन सदस्यीय सर्च कमेटी ने की कुलपति पद के लिए आए 77 आवेदनों की स्क्रूटनी**

# कुलपति पद लिए एक-एक उम्मीदवारों की पूरी प्रोफाइल की गई चेक

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के लिए चयन प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को राजभवन में कुलपति पद के आवेदनों की स्क्रूटनी हुई और स्क्रूटनी दौरान तीन सदस्यीय सर्च कमेटी द्वारा 77 उम्मीदवारों के एक-एक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। स्क्रूटनी के लिए अटल यूनिवर्सिटी से भी अधिकारी राजभवन गए थे।

अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति के लिए पूरी चयन प्रक्रिया तीन सदस्यीय सर्च कमेटी द्वारा की जा रही है। इस कमेटी में राजभवन और यूजीसी का एक-एक प्रतिनिधि और एक प्रतिनिधि यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की तरफ से हैं। यूनिवर्सिटी कार्य परिषद की ओर से अंबिकापुर के डॉ. धीरेन्द्र तिवारी व कुलाधिपति राज्यपाल की ओर से एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी असम के पूर्व कुलपति डॉ. बिद्युत चंदन डेका एवं यूजीसी की ओर से कर्नाटक यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. विष्नुकांत एस क्षत्रपाली सदस्य



के रूप में शामिल हैं। यह सर्च कुलपति पद के लिए जितने आवेदन आए हैं उनकी स्क्रूटनी के लिए आज राजभवन में बैठी थी। स्क्रूटनी दौरान एक-एक आवेदकों के प्रोफाईल को चेक किया गया।

### स्क्रूटनी में कट जाएंगे कई आवेदक

स्क्रूटनी में बहुत से आवेदक कट जाएंगे और उसके बाद आवेदकों की शार्टलिस्ट तैयार की जाएगी और फिर पात्र आवेदकों को कुलपति पद के लिए राजभवन द्वारा इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। कुलपति बनने के लिए छत्तीसगढ़ सहित उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि देश के अन्य राज्यों के प्रोफेसर, शिक्षाविद आवेदन किए हैं।

### कुलपति के लिए ये मापदण्ड अनिवार्य

कुलपति पद के लिए जो मापदण्ड तय किए गए हैं, उसमें कुलपति पद का उम्मीदवार दूरदर्शी, नेतृत्व क्षमता के साथ-साथ शिक्षण और अनुसंधान संबंधी जानकार होना चाहिए, साथ ही प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना चाहिए। कुलपति के लिए किसी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित शोध और शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**एबीवीपी के कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष तिवारी ने किया संबोधित**

# विकसित भारत तभी संभव जब विद्यार्थी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर सक्रिय भूमिका निभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा "2047 विकसित भारत में विद्यार्थी की भूमिका" विषय पर सोमवार को लखीराम अग्रवाल सभागार में व्याख्यान रखा गया। इस कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 का विकसित भारत तभी संभव है जब देश का विद्यार्थी राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शिक्षा, नवाचार, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने युवाओं से चरित्र, राष्ट्रबोध और सामाजिक दायित्व के साथ आगे बढ़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो. डॉ. वीरेन्द्र कुमार सारस्वत ने कहा कि विद्यार्थी समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उन्हें अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए करना चाहिए। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार पांडे ने परिषद की भूमिका और छात्रहित से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का मनोगत महानगर अध्यक्ष शैलेश द्विवेदी द्वारा रखा गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर महानगर के मंत्री श्री अतिंद्रधर दीवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच में स्नेहा अग्रहरि विभाग छात्रा प्रमुख उपस्थित थी एवं मंच का संचालन वैष्णवी परसाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री महेश साकेत, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित बघेल,आराध्य तिवारी, प्रांत सहमंत्री हेमांशु कौशिक प्राध्यापक कार्यकर्ता संतोष सोनी, वेदांश मिश्र, राजू गोशाला सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, प्राध्यापक एवं प्रबुद्धजन बिलासपुर महानगर एवं प्रांत के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एबीवीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां महामाया से की खुशहाली की कामना

अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी का छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी रतनपुर स्थित शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर में आज आगमन हुआ। उनके रतनपुर आगमन पर परिषद के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विकास पाण्डेय और प्रदेश संगठन मंत्री महेश साकेत ने शक्तिपीठ मां महामाया के दरबार में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की उन्नति, समाज की समृद्धि तथा छात्र-युवा वर्ग के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा के दौरान उन्होंने मां महामाया से भारत को सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं वैचारिक रूप से सशक्त बनाने का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस



अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. तिवारी ने रतनपुर नगर के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य केवल छात्र हितों की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना भी है। युवाओं को अपने संस्कार, संस्कृति और शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करना चाहिए। इस पावन अवसर पर प्रदेश सह मंत्री हिमांशु कौशिक, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आराध्य तिवारी, शुभम पाठक, नगर मंत्री अरविंद सिंह चंदेल, सह मंत्री विवेक, वृक्षा, करण, रुद्राक्ष, कार्यालय मंत्री शिवांग सोनी, पूर्व कार्यकर्ता अतीश सिंह ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वनवासी आश्रम में निकली कलश यात्रा, जांच शिविर कल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कदम तीर्थ में स्थित स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में 11 फरवरी को एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 9 फरवरी से 17 फरवरी तक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतिम दिन 17 फरवरी का सामूहिक विवाह होगा। 9 फरवरी को कलश यात्रा निकाली गई। देव पूजन किया गया। इसका आयोजन स्वामी हरिहरानंद के सानिध्य में संचालित किया जा रहा है।

यह शिविर स्वामी शारदानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण, वनवासी एवं जरूरतमंद लोगों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। यह स्वास्थ्य शिविर 47 वें विष्णु महायज्ञ के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज कदम तीर्थ पहुंच चुके हैं । उनके सान्निध्य में आयोजित यह शिविर सेवा, करुणा एवं मानव कल्याण की भावना को सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा। उल्लेखनीय है कि कदम तीर्थ केंद्र में पिछले कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से अब तक हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार का लाभ मिल चुका है। आंखों की जांच और चश्मे का वितरण हमेशा ही किया जाता है। आश्रम द्वारा संचालित यह पहल क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शिविर में बिलासपुर से अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम निःशुल्क अपनी सेवाएं देने पहुंच रही है, जो विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान करेगी। इस टीम में डीएनबी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र भूषण देवांगन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव कौशिक, एमडी फिजिशियन डॉ. मनोज मिश्रा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. इप्शिता प्रियदर्शनी एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप तिवारी अपनी टीम के साथ शामिल होंगे। शिविर के दौरान रोगियों की खून एवं मूत्र की जांच, बीएमडी टेस्ट, ब्लड शुगर एवं थायरॉइड की जांच, नेत्र परीक्षण तथा अन्य आवश्यक चिकित्सकीय जांच की जाएंगी। मरीजों को उचित परामर्श, दवाइयों के संबंध में आगे के उपचार की सलाह भी दी जाएगी।



■ शिविर में चिकित्सक करेंगे नि:शुल्क उपचार

### ई-पेंट्री से यात्रियों के बर्थ पर पहुंचेगा गर्म भोजन

**बिलासपुर।** अब यात्रियों को अगर भूख लगेगी तो उन्हें अपने बर्थ को छोड़कर बाहर निकलने की जरूरत नहीं होगी। आईआरसीटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक नई योजना ई-पेंट्री की शुरुआत की है, जिससे यात्रियों के पास बर्थ में ही गरमा गरम और स्वादिष्ट भोजन पहुंच जाएगा।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन आईआरसीटीसी ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए ई-पेंट्री सर्विस शुरु की है, जिसके जरिए अब यात्रियों को ट्रेन की बर्थ पर ही साफ-सुथरा, तय कीमत वाला और गरमा गरम भोजन मिल सकेगा। एक तरफ जहां पहले प्रीमियम ट्रेनों में ही भोजन की आनलाइन बुकिंग सुविधा थी। अब यह सुविधा मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों में शुरु की गई है। 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्री आनलाइन भोजन और पानी पहले से बुकिंग कर सकते हैं, जिससे भोजन उनकी बर्थ के पहुंचा दिया जाएगा। यह सर्विस उन ट्रेनों के लिए दी गई है, जहां टिकिट में भोजन शामिल नहीं होता है। आईआरसीटीसी रेलवे का हास्पिटैलिटी और टूरिज्म विभाग है, यह कैटरिंग, टूरिज्म और आनलाइन टिकिट बुकिंग का काम देखती है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार ई-पेंट्री सेवा यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और तकनीक से यात्रा को बेहतर बनाने का हिस्सा है।

आईआरसीटीसी के अफसरों के अनुसार ई-पेंट्री सर्विस आईआरसीटीसी की टिकिट बुकिंग वेबसाइट और ऐप से जुड़ी हुई है। जिन यात्रियों की टिकिट कंफर्म, आरएसी या आंशिक कंफर्म हैं, वे टिकिट बुकिंग करते समय या बाद में बुक टिकिट हिस्ट्री सेक्शन में जाकर स्टैंडर्ड मील और रेल नीर पैकेज्ड पानी पहले से आर्डर कर सकते हैं। आर्डर करने के बाद यात्री को एसएमएस या ईमेल से कंफर्मेशन मैसेज और मील वेरिफिकेशन कोड एमवीसी मिलता है।

### आजाद चौक मंगला में एसएसपी की नई बीट प्रणाली में शामिल हुए व्यापारी



**बिलासपुर।** नवीन ब्रीट प्रणाली के तहत जन सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए आजाद चौक मंगला में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह की उपस्थिति में आजाद चौक व्यापारी संघ ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर रजत छाबड़ा, बबली खान, रमेश पटेल, त्रिदेव रजक, अशोक तिवारी, साजिद खान, अभिषेक सिंह, हेमंत मरकाम आदि मौजूद थे। एसएसपी श्री सिंह ने बढ़ते अपराध, नशा विरूद्ध अभियान, साइबर अपराध के विरूध जागरूकता अभियान, बाहरी आवारा घुमक्कड़ गिरोह, डेरा वालों के संबंध में जानकारी पुलिस को देने कही थीं।

# 90 वर्षीय बुजुर्ग के कुल्हे की हड्डी टूटी, सिम्स में सफल प्रत्यारोपण

**बिलासपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल 90 वर्षीय इंडिया बाई के बाएं कूल्हे की हड्डी टूटकर गई थी। परिजनों ने गंभीर हालत में सिम्स में भर्ती किया। अस्थि रोग विभाग के डाक्टरों ने जटिल आपरेशन द्वारा बुजुर्ग को 90 वर्ष में भी चलने के काबिल बना दिया है। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह की देखरेख में बुजुर्ग महिला का बेहतर इलाज संभव हो सका है।

डॉ. तरुण सिंह ने बताया कि अधिक उम्र के कारण कूल्हे के फ्रेक्चर का सामान्य रूप से जुड़ पाना बेहद मुश्किल है, ऐसे मरीजों को कई महीनों तक बिस्तर पर रहना पड़ता है, जिससे संक्रमण, कमजोरी और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। मरीज की स्थिति को देखते हुए विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में डाक्टरों की टीम ने उन्नत तकनीक का उपयोग करते हुए लंबे स्टेम वाले मॉड्यूलर बाइपोलर कृत्रिम कूल्हा प्रत्यारोपण, टीबीडब्ल्यू तकनीक तथा हड्डी को मजबूती देने के लिए एन्क्लेज वायरिंग की सहायता से सफल सर्जरी की है। मरीज में तेजी से सुधार होते ही सर्जरी के अगले ही दिन पैरों पर खड़ी होकर चलने-फिरने में समर्थ रही है। इस उम्र में भी इतनी जल्दी रिकवरी सिम्स अस्पताल व डाक्टरों के लिए उपलब्धि ही है।



### डाक्टरों का मिला सहयोग

जटिल ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। नर्सिंग इंचार्ज योगेश्वरी सिस्टर ने भी ऑपरेशन के दौरान विशेष भूमिका निभाई। सर्जरी हेतु विशेष इम्प्लांट के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह एवं डीन डॉ. रमणेश मूर्ति का विशेष सहयोग बना रहा।

### मरीजों को मिल रही जीवनीशक्ति

सिम्स में आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के समन्वित प्रयास से जटिल से जटिल सर्जरी भी सफलतापूर्वक की जा रही है, जिससे बुजुर्ग मरीजों को भी नई जीवनी शक्ति मिल रही है।

-डॉ. रमणेश मूर्ति,अधिष्ठाता

### टीमवर्क का है परिणाम

मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता है। मरीज का सफल ऑपरेशन कर उसे शीघ्र चलने-फिरने योग्य बनाना सिम्स की चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता और टीमवर्क का परिणाम है।

-डॉ. लखन सिंह, चिकित्सा अधीक्षक

**एयू में रीजनल ग्रोथ मॉडल ऑफ इंडियन इकोनामी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी**

# कंप्रिहेंसिव मॉडल विकासशील प्रदेशों के विकास के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में रीजनल ग्रोथ मॉडल ऑफ इंडियन इकोनामी विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अतुल दुबे विभागाध्यक्ष वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन ने इस कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ. अंग्रेज सिंह राणा ने भारतीय अर्थव्यवस्था के क्लस्टर बेस्ड मॉडल को समझाते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास योजना स्टार्टअप उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम में सुधार करने का यह एक अच्छा अवसर है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. यशवंत कुमार ने छत्तीसगढ़ को मिनरल रिच एवं ट्राइबल बेस्ड स्टेट बताते हुए कहा कि




इसका विकास अभी भी होना बाकी है। यह पूरी तरह से विकसित राज्यों के अंतर्गत नहीं आता है जबकि केंद्र सरकार द्वारा 2015 में कंप्रिहेंसिव प्लानिंग मॉडल को राज्य विकास के लिए उपयुक्त नहीं बताया गया। बजट की कैटालिस्ट बेस्ड मॉडल को लघु स्तर पर लागू करने की बात कही। प्रो. यशवंत कुमार ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि कंप्रिहेंसिव मॉडल को ही विकासशील प्रदेशों के विकास के लिए अपनाना आवश्यक है। देश एवं विकासशील राज्यों के विकास के लिए अलग-अलग रणनीति का उपयोग किया जाना चाहिए। मुख्य अतिथि रघुराज किशोर तिवारी ने अपने उद्बोधन में भारत का गौरवशाली इतिहास उजागर का करते हुए भारत को विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थान लेने की बात कही और सब की समृद्धि का आंकलन देश की अर्थव्यवस्था से हो रहा है अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति अरूण दिवाकरनाथ बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ एवं इंडियन इकोनामी संगठन के प्रेसिडेंट ने अपने उद्बोधन में इंडियन इकोनामी संगठन को अगाध समुद्र की तरह विशाल एवं स्थिर बताया।

कार्यक्रम में डॉ. पूजा पाण्डेय, डॉ. सुमोना भट्टाचार्य, डॉ. गौरव साहू, आदित्य प्रताप सिंह, डॉ. एच.एस. होता, डॉ. मनोज सिन्हा, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. महेन्द्र मेहता, खेमेन्द्र देवांगन, डॉ. हामिद अब्दुल्ला, डॉ. हैरी जॉर्ज, यशवंत पटेल, श्रीमती रेवा कुलश्रेष्ठ, डॉ. स्वाति रोज टोप्पो, डॉ.जीतेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

बिलासपुर, मंगलवार 10 फरवरी 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



निकली भव्य कलश यात्रा

## सरजू बगीचा में श्रीमद भगवद कथा शुरू

**बिलासपुर।** सरजू बगीचा में सार्वजनिक श्रीमद भगवद कथा का आयोजन 9 जनवरी से 15 जनवरी तक दोपहर 3 बजे से किया जा रहा है। कथा के पूर्व समिति के सदस्यों द्वारा आह्वान कर कलश यात्रा निकाली गई। जो राधा-कृष्ण मंदिर मध्यनगरी चौक से बैंड बाजे के साथ नाचते गाते हुए निकाली गई। जिसमे बग्गी में कथा वाचक अशोक कृष्ण महराज के साथ बांके बिहारी जी विराजमान रहे। कलश यात्रा में भागवत भगवान को सभी नें सिर पर रखकर पदयात्रा करते हुए कथा स्थल तक पहुंचे। जिसमे बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष तथा मोहल्लेवासी नाचते गाते कथा स्थल तक पहुंचे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।



एजुकेशनल ट्रिप

## बच्चों ने देखा सौर मंडल अंतरिक्ष अन्वेषण पर शो



**बिलासपुर।** सेंट्रल बंगाली एसोसिएशन बिलासपुर ने आनंदो निकेतन मोपका के 55 छात्रों के लिए व्यापार विहार स्थित प्लैनेटेरियम में एक एजुकेशनल और मनोरंजक यात्रा का आयोजन किया। इस दौरान छात्रों ने खगोल विज्ञान, सौर मंडल और अंतरिक्ष अन्वेषण पर जानकारी पूर्ण शो देखा। जिससे वे उत्साहित और प्रेरित हुए। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को विज्ञान और अंतरिक्ष के चमत्कारों से परिचित कराना, उनमें जिज्ञासा जगाना और एक आकर्षक व इंटरैक्टिव सीखने के अनुभव के माध्यम से वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। एसोसिएशन के सदस्य वहीं हमेशा से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों की शिक्षा और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी इसी तरह पहल करता रहेगा। इस आयोजन में डॉ. सौरभ मित्रा, सुजॉय चटर्जी, सुमिता दास गुप्ता, अनिता गोलदार, लीना, सुब्रतो बनर्जी और आशीष मजूमदार सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

## कलश यात्रा के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव महादेव, हनुमान की मूर्तियां होगी स्थापित



**बिलासपुर।** आशीर्वाद वैली स्थित नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव शंकर और श्री हनुमान भगवान की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ। यात्रा के आरंभ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में पवित्र जल भरा गया। कलश यात्रा मेन गेट से कालोनी के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर पहुंची। जहां विधिपूर्वक कलश की स्थापना की गई। धार्मिक अनुष्ठान पं. हार्दिक महराज ने संपन्न कराया। यजमान की भूमिका जेएस ठाकुर एवं उनकी पत्नी उर्मिला ठाकुर ने निभाई। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। बुधवार 11 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ भजन कीर्तन का किया जाएगा। इसी दिन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन होगा।

धर्म-क्षेत्र

## यज्ञ, सत्संग में वेद मंत्रों के साथ दी गई आहुति



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में आयोजित साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग में नितिन, ज्योति भसीन मुख्य यजमान रहे। इन्होंने अपने वैवाहिक वर्षगांठ पर वेद मंत्रों से आहुति देकर विद्वानों और बड़ों का आशीर्वाद लिया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने आर्यों के प्रतिदिन के पांच कर्मों को बताते हुए कहा कि जीवन में सुखी रहना है या घर को स्वर्ग बनाना है तो पांच मुख्य कर्तव्य कर्म करना अनिवार्य है। जिसे पंच महायज्ञ कहते हैं। इसमें ब्रह्म यज्ञ, देव यज्ञ, पितृ यज्ञ, बलि वैश्व देवयज्ञ, अतिथि यज्ञ शामिल है। उन्होंने ब्रह्म यज्ञ अर्थात संध्या को विस्तार से समझाते हुए बताया कि मनुष्य का अपने, दूसरों एवं ईश्वर के प्रति क्या कर्तव्य है, इस पर जो व्यक्ति प्रतिदिन सुबह-शाम चिंतन करता है वह संध्या में बैठ कर सबसे पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करता है।

# शांभवी फाउंडेशन से प्रशिक्षित महिलाओं को मिल रहा रोजगार



विधायक कौशिक ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मनियारी सल्फा सरगांव ग्राम में शांभवी फाउंडेशन द्वारा संचालित निःशुल्क कम्प्यूटर व कपड़ा सिलाई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बालिकाओं और महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरण मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक के हाथों किया गया।

मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान व विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य समाज विकास एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बताया और कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए महिला समूहों का गठन कर उन्हें लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया।

संस्था की संचालिका शिल्पी केडिया ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद अमेरिका में अनेक वर्षो तक विभिन्न पदों पर कार्य किया। अब उसे छोड़कर देश प्रेम की भावना के साथ ग्राम सल्फा को अपने गांव के रूप में स्वीकार कर लिया। उन्होंने जरूरतमंद महिलाओं को कम्प्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही हैं। अपनी बेटी शांभवी के नाम से प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ कर अभी तक 7 सौ से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनको प्रमाण-पत्र दिया जा चुका है। इनमें से कई महिलाएं अपना स्व-रोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की ओर है।

कार्यक्रम में 80 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र दिया गया। इस दौरान जिला भाजपा मंत्री डॉ. देवेंद्र कौशिक, छत्तीसगढ़ लघु सहायक उद्योग संघ के प्रदेशाध्यक्ष हरीश केडिया, सरपंच उषा खुसरो, थोक फल सब्जी अध्यक्ष अनिल सलुजा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जेपी हाईट्स में राणी सती दादी का संगीतमयी मंगल पाठ





**बिलासपुर।** जेपी हाइट्स शुभम विहार की निशा ललित अग्रवाल, मोनिका निलेश अग्रवाल, हनी मंयक अग्रवाल के निवास पर श्री राणी सती दादीजी का संगीतमयी मंगल पाठ किया गया।

पाठ के समय बताया गया कि महाभारत कालीन अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा, चक्रव्यूह में पति के निधन पर सती होना चाहती थी। भगवान श्रीकृष्ण के समझाने पर उन्होंने अपना विचार त्याग कर परीक्षित जैसे महान प्रतापी चक्रवर्ती को जन्म दिया था। ऐसी मान्यता है कि कलयुग में वे ही भक्तों के उद्धार करने हेतु नारायणी बन अवतार ली है। झुंझुनूं में उनका विश्व प्रसिद्ध मंदिर बनाया गया है। अग्रवाल कुल में उनकी श्रद्धापूर्वक पूजा कर धोक दी जाती है।

■ शहर सहित कई शहरों के भक्तों ने लिया भाग

आज के संगीतमय मंगल पाठ में नीता दीपक अग्रवाल राजनांदगांव, आशा संजय अग्रवाल कोटा, वर्षा शैलेश अग्रवाल, सपना सत्यम अग्रवाल, सीमा रमेश सरावगी उमरिया, त्रिवेणी रामनिवास अग्रवाल कोरबा, सुषमा राधेश्याम अग्रवाल, ऋतु ललित अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, मीनू राजेश केडिया जयरामनगर, बिलासपुर से सरिता राजेश अग्रवाल, डॉली नवीन अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, अंतिमा सत्यनारायण अग्रवाल, अन्नू सुनील केडिया, खुशी केडिया, निशा मुकेश अग्रवाल, पूर्णिमा सुशील अग्रवाल, स्वीटी अग्रवाल, करिश्मा संतोष अग्रवाल, रश्मि, सुषमा अग्रवाल, श्रेया तोदी, पिंकी छाबड़ा, नेहा राजपूत, अर्चना पांडेय, उत्कर्ष अग्रवाल, भव्य अग्रवाल, रुद्रांश गर्ग, कृष्ण गर्ग की उपस्थित रही।

आयोजन

## एक शाम देश के नाम कार्यक्रम में बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर समन्वय समिति एवं केशर अटल आवास महिला समन्वय समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक शाम देश के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। निर्देशन डॉ गोपाल चंद्र मुखर्जी का रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ गीता त्रिपाठी, कैप्टन आरके त्रिपाठी कर्नल एकेडमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन, संध्या तिवारी पूर्व पार्षद थीं। क्षेत्र के सामाजिक उन्नयन के लिए निःस्वार्थ सेवा प्रदान करने वालों को समाज प्रेरणा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में अंजेलिना तोरने, जैसमीन ख़ातून, अनन्या यादव, जमुना लोधी, जेनेलिया तोरने, दिलखुश गुप्ता, आयशा अली, मुस्कान गुप्ता, माही शर्मा, अजरा अली, महिरा ख़ातून, तनय शर्मा, शुभम शर्मा, मोसीम खान आदि शामिल रहे।

# करूवा बाबा वार्षिकोत्सव पर मेगा हेल्थ कैंप

**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा कोनी सेंदरी में रविवार को करूवा बाबा का वार्षिकोत्सव भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस दौरान समूह ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 159 लोगों की जांच कर मुफ्त दवाई व आवश्यक परामर्श दिया गया।

सर्वप्रथम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु एवं गुरूपद संभवराम के तैल चित्र में माल्यार्पण कर धूप-दीप, पूजन व आरती शाखा के मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने किया। तद्पश्चात आश्रम प्रांगण में स्थित ग्राम देवता करूवा बाबा का वार्षिकोत्सव पूजन और आरती शाखा के मंत्री, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व बुजुर्गों ने विधिवत किया। इस दौरान समूह के सभी सदस्य एवं ग्राम के महिला व बच्चे उपस्थित रहे। वरिष्ठजनों ने लोगों को ग्राम देवता करूवा बाबा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अंत में प्रसाद बांटा गया।

159 लोगों की जांच



### दी गई दवाई व परामर्श

सीएचएमओ डॉ. शुभ्रा गरेवाल के नेतृत्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 159 लोगों की जांच कर दवाई व परामर्श दिया। इसमें 56 मरीज बीपी शुगर, सिकलसेल के 38 व टीबी के 56 लोगों की जांच की गई।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ शरद गरेवाल, डॉ. अशोक दीक्षित, डॉ अजय पंड्या, डॉ धर्मेंद्र साहू, डॉ श्याम सोनी, चंद्रशेखर शुक्ला, डॉ सिड्रैला पाल, घनश्याम तिवारी, रवि पहवा, गितेंद्र साहू, मनमोहन सिंह, संध्या आचार्या, मुकेश कश्यप, अभिषेक कोशले, गुलशन रजक, राहुल मेरसा, सीमा सोनी, सिद्धि थवाईत, त्रिवेणी धीवर, रूपम मिंज, प्रीति साहू, सूरज दीवान, कुमुदिनी सूर्यवंशी, सरोजनी करियारे, सुजीत दुबे, टिकेश्वर साहू, विवेक शर्मा, जैदुल हसन, सुशील पाल, नितेश पाल, जितेन्द्र गुप्ता, राकेश साहू, आजूराम मरकाम का सहयोग रहा।

## भगवान नाम ही सर्वोपरि है, यदि हमारे चिंतन में भगवान हो तो हर कर्म ही पूजा

**बिलासपुर।** भगवान नाम ही सर्वोपरि है। यदि हमारे चिंतन में भगवान हो तो हर कर्म ही पूजा है। केवल संकेत में, उपहास और परिहास में भी भगवान का नाम हमारे मुख से निकल जाए तो मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं । अजामिल ब्राह्मण ने भगवान के पार्षदों से विशुद्ध भागवत धर्म और यमदूतों के मुख से वेदोक्त सगुन धर्म का श्रवण किया, जिससे अजामिल के हृदय में भक्ति का उदय हो गया और वह अपने पापों से मुक्त होकर परमधाम को प्राप्त हुआ । यह उद्धार नेहरू नगर में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से आचार्य देव कृष्ण महाराज ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया की भगवान का अवतार सनातन धर्म की स्थापना और धर्म का नाश करने के लिए होता है। संसार के संपूर्ण प्राणी अपने-अपने कर्मों के अनुसार ही जन्म प्राप्त करते हैं। किंतु मनुष्य जीवन तो बड़ा अनमोल है और इसी जन्म में ही मनुष्य अपने भावी जन्म को सुधारने, सत्संग और भगवान की भक्ति करता है । भक्ति में बड़ी शक्ति होती है कोई भक्त ही भगवान को सातवें आसमान से नीचे उतरकर साक्षात दर्शन भी प्राप्त कर लेता है प्रहलाद ने खंभे से भगवान को प्रकट कर दिया। भगवान इस धरती के कण कण में विद्यमान है, वह सर्वत्र है । चौथे मन्वंतर में वही भगवान गजेंद्र के पुकारने पर श्री हरि के रूप में प्रकट हो गए थे और गजेंद्र को ग्राह के बंधन से मुक्त किया । जिस प्रकार गजेंद्र के पैर को ग्राह पकड़ा हुआ था इसी प्रकार आज संसार के मनुष्यों के पैर को भी ग्राह रूपी मगर पकड़ा हुआ है । हमारी समस्या रूपी ग्राह अर्थात मगर से हमें श्री हरि ही मुक्त कर सकते हैं । इसलिए हरि से हमारा सम्बन्ध कभी न टूटे। पंडित देव कृष्ण शर्मा ने समुद्र मंथन प्रसंग पर बताया कि सुधा अमृत से ज्यादा महत्वपूर्ण कथा अमृत है क्योंकि समुद्र से निकले हुए अमृत पीने के बाद भी देवताओं के मन से दानवों का भय नहीं गया किंतु । भागवत रूपी कथा अमृत पी लेने से मनुष्य की मृत्यु भी मंगलमय हो जाती है। समुद्र मंथन में देवताओं और दानव इन दोनों ने एक समान श्रम एक ही मुहूर्त पर एक ही लक्ष्य अमृत प्राप्त करने के लिए किया था किंतु अमृत तो केवल देवताओं को ही प्राप्त हुआ। भगवान कहते हैं कथा अमृत भी केवल उन्हें ही प्राप्त होता है जिनका मन मुझ पर लगा रहता है।



## यादव प्रीमियम लीग : पांचवें दिन खेले गए 4 मैच



स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** यादव प्रीमियम लीग सीजन 1 का शानदार पांचवां दिन का पहला मैच विनायक 11 बनाम कृष्णा 11 के मध्य खेला गया। जिसमे विनायक आर्मी 11 ने जीत हासिल किया। दूसरा मैच बोल बम 11 बनाम माधव 11 के मध्य खेला गया। जिसमे बोल 11 ने शानदार जीत हासिल किया। तीसरा मैच सुदर्शन 11 बनाम विष्णु 11 के मध्य खेला गया। जिसमे सुदर्शन 11 ने जीत हासिल की। इसी तरह चौथा मैच साईं 11 बनाम नर्सिंग देव 11 के मध्य खेला गया, जिसमे नर्सिंग 11 ने शानदार जीत हासिल किया। इस कार्यक्रम में पहला मैच मुख्य अतिथि टीम मानवता अभिषेक ठाकुर, अभिषेक शर्मा, राजीव अग्रवाल. प्रमोद अग्रवाल, रोशन सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महर्षि बाजपेई, अंकित गुप्ता, मोनू रजक, अमर सिंह, देवशीष, साहिल कश्यप, टिक्कू ताम्रकार समेत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालक शैलेन्द्र यादव, शरद यादव, विजय यादव, मंजीत यादव, छोटू यादव, आकाश यादव, सीएमडी. जीतू यादव, दीपक यादव, भोला यादव, आयुष यादव, तरुण यादव, विक्की यादव. देवेंद्र यादव. आशीष यादव, विलास यादव, पुकार यादव, सन्नी यादव, अवि यादव, वीके यादव, राजा यादव, शुभ सुजल, सतेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

## इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग एपीजे अब्दुल कलाम ट्रॉफी सीजन 2 का शानदार आगाज

मिनी स्टेडियम गांधी चौक में यूथ एंड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा इंडियन मुस्लिम प्रीमियर लीग सीजन 2 का आज उद्घाटन हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष तौसीफ खान ने बताया कि मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, मखमूर इकबाल प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष प्रिंस भाटिया मौजूद थे। इसमें कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। आज का पहला मैच एसबी व जीनत अल्टीमेट वॉरियर्स के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर जीनत अल्टीमेट वॉरियर ने पहले गेंदबाजी चुना। निर्धारित 8 ओवर में एसबी लायन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीना अल्टीमेट वॉरियर ने बिना विकेट खोए यह मैच 10 विकेट से जीता। इस मैच के मैन ऑफ द मैच 5 विकेट लेने वाले सैय्यद सेखानी रहे।



## मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब जीता आनंद ने

राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग में बिलासपुर के आनंद राव ने मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब हासिल किया है। 24 वी राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग, स्पोर्ट्स फीजिक, दिव्यांग एवं मास्टर प्रतियोगिता का आयोजन भिलाई मडई मेला एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एशोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश फिल्म समिति के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडीबिल्डर संगठन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई थी, जिसमें खिलाड़ियों को विशाल स्टेज के साथ विशाल कैश प्राइज का वितरण भी आयोजनकर्ता एवं संघ द्वारा किया गया। करीब दो लाख रुपए नकद खिलाड़ियों के विभिन्न भार वर्गों को प्रदान किया गया है। इसमें मिस्टर छत्तीसगढ़ के रूप में प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए आनंद राव बिलासपुर जिले के खिलाड़ी ने मिस्टर छत्तीसगढ़ का किताब हासिल किया।




## नेशनल में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

4 से 8 फरवरी तक अंडर-17 सॉफ्टबॉल स्कूल नेशनल गेम्स बालक एवं बालिका वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर पदक हासिल किया। इस उपलब्धि में नेशनल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 9वीं की छात्रा रजनी नंदनी राम एवं छात्र आयुष कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम के सदस्य थे और उनके बेहतरीन खेल प्रदर्शन ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। इस सफलता पर विद्यालय के कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चावला एवं प्राचार्या श्रीमती रश्मि सिरिया, उप प्राचार्य श्रीमती स्वप्निता साहू प्रधान पाठिका श्रीमती गीतिका सैमुअल, शिक्षक एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।



## खबर संक्षेप



### एक माह के लिए बंद रहेगा मुखर्जी गार्डन

**मुंगेली।** नगर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के पास गार्डन का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान संभावित अप्रिय दुर्घटना से नागरीकों की सुरक्षा हेतु गार्डन में नगर के निवासियों का प्रवेश एक माह के लिए बंद रहेगा। गार्डन का सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्य पूर्ण होते ही गार्डन को नगर के निवासियों के लिए खोल दिया जाएगा।

### कन्या विवाह योजनाः 94 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

**मुंगेली।** जिला मुख्यालय स्थित आदर्श कृषि उपज मंडी परिसर में 10 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल होकर नव विवाहितों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में 94 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, उपाध्यक्ष श्रीमती शांति देवचरण भास्कर, नगरपालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और वर-वधु के परिजन शामिल होंगे।

### आज से खिलाई जाएगी फाइलेरिया की दवा

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में 10 से 25 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि अभियान अंतर्गत 02 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी नागरिकों को डीईसी, एल्बेंडाजोल एवं आईवरमेक्टिन दवा का संयुक्त रूप से सेवन कराया जाएगा। जिले में 8 लाख 51 हजार 895 से अधिक लोगों को दवा खिलाई जाएगी। डीपीएम गिरीश कुर्रे ने बताया कि 1 हजार 790 दल के 3 हजार 580 से अधिक सदस्यों द्वारा दवा सेवन कराया जाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास

**कोरबा।** दो नाबालिक लड़कियों के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अजांम देने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास व दो हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेलवाडीह निवासी आरोपी व्यासनारायण सोनवानी के द्वारा अपने ही क्षेत्र की दो नाबालिक लड़कियों को बहला फुसलाकर दुष्कर्म की घटना को अजांम दिया था। जिसपर कटघोरा पुलिस ने आरोपी व्यासनारायण के खिलाफ मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां आरोपी के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर विशेष न्यायालय एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा ने आजीवन सश्रम कारावास (जो उसके शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए कारावास से अभिप्रेत होगा) एवं 2 हजार रू के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) कटघोरा शोधन राम देवांगन ने की है।

## निधन

### रुक्मणी बाई भांगे

**बिलासपुर।** राजेंद्र नगर निवासी रुक्मणी बाई भांगे का 9 फरवरी को निधन हो गया। वे 94 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे राजेंद्र नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डॉ. आरके भांगे की बहन, लीलाधर, नितिन, पंकज, अमित, हरीश भांगे की बुआ थीं।



---

**प्रशासन को है बड़े हादसे का इंतजार**

### बड़ी गाड़ियों के फंसने से रोज लगता है जाम, मार्ग पर आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी

# बरेला एनएच पर मौत के गड्ढे, तीन दिन में दर्जनभर लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जरहागांव

मुंगेली जिले के बरेला में पेट्रोल पंप के ठीक सामने नेशनल हाईवे पर बना लगभग तीन फीट गहरा गड्ढा आम नागरिकों की जान के लिए खतरा बन चुका है। गड्ढे में गिरकर तीन दिन में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। प्रशासन से कई बार मांग के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। लगता है किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी।

स्थानीय लोगों के अनुसार बरेला में पेट्रोल पंप के ठीक सामने नेशनल हाईवे पर तीन-तीन फीट के गड्ढे बन चुके हैं। सड़क की हालत एकदम खराब है।

गड्ढे में पानी भरा हुआ है, जिससे उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। रोजाना इस मार्ग पर चलने तो किसी तरह गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन जो लोग कभी कभार इस मार्ग पर चलते हैं उन्हें गड्ढे का अंदाजा नहीं होता और हादसे का शिकास हो जाते हैं। चार पहिया वाहनों के चक्के गड्ढे में फंस जाते हैं, जिससे चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर प्रतिदिन हादसे हो रहे हैं, इसके बाद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लगता है कि प्रशासन को किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है। इस मार्ग पर बने गड्ढे में बीते तीन दिनों में करीब एक दर्जन लोग गिरकर घायल हो चुके हैं। इनमें बाइक सवार, साइकिल चालक, पैदल यात्री, स्कूली बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। हालात इतने खराब हैं कि स्कूटी, ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक ऑटो इस मार्ग से गुजरने में असमर्थ हैं। मार्ग पर अगर एक बार कोई भारी फंस जाए तो फिर घंटों जाम लग जाता है, जिससे आने जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है।





#### स्कूटी सवार की बाल-बाल बची जान

रविवार की शाम यह गड्ढा एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते रह गया। पेट्रोल पंप के सामने से गुजर रही एक महिला स्कूटी सवार अचानक संतुलन खो बैठी और स्कूटी सहित सीधे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद महिला को बाहर निकाला। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दिया। हालांकि समय रहते मदद मिलने से महिला की जान बच गई, लेकिन यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर तस्वीर पेश करता है।

#### चोट से ज़्यादा अपमान की पीड़ा

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि इस गड्ढे में गिरने से केवल शारीरिक चोट ही नहीं लगती, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर कीचड़ और गंदे पानी में गिरने से उन्हें मानसिक पीड़ा और शर्मिंदगी का भी सामना करना पड़ता है। महिलाओं के अनुसार, यह स्थिति बेहद अपमानजनक है, लेकिन जिम्मेदार विभागों को इससे कोई सरोकार नहीं है।

**शिकायतों के बाद भी चुप्पी-** स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन से शिकायतें की गईं, लेकिन न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए, न बैरिकेडिंग की गई और न ही मरम्मत का कोई कार्य शुरू हुआ। एक दुकानदार ने नाराजगी जताते हुए कहा रात के समय यह गड्ढा बिल्कुल दिखाई नहीं देता। हर दिन कोई न कोई गिर रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी की जान जाना तय है।"

**उठे गंभीर सवाल-** हैरानी की बात यह है कि यह गड्ढा नेशनल हाईवे पर, पेट्रोल पंप जैसे व्यस्त स्थान के सामने मौजूद है, जहां दिन-रात भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद संबंधित विभागों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएच के किनारे नाली नहीं होने के कारण पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे गड्ढे में हमेशा पानी भरा रहता है और खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

#### दिए गए निर्देश

शासन स्तर से जर्जर एवं मरम्मत योग्य सड़कों की मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा।

-पुन्नू लाल मोहले
विधायक मुंगेली

#### तत्काल होगी मरम्मत

बरेला के पेट्रोल पंप के सामने एनएच सड़क पर गड्ढे होने की समस्या सामने आई है। तत्काल संबंधित विभाग से चर्चा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

-अजय शतरंज, एसडीएम, मुंगेली

#### नेताओं-अधिकारियों की रोज़ आवाजाही

इस मार्ग से रोजाना जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना होता है, लेकिन इसके बावजूद यह जानलेवा गड्ढा अब तक नहीं भरा गया। लोगों का सवाल है कि जब नेता और अधिकारी इसी सड़क से गुजरते हैं, तो क्या उन्हें यह गड्ढा दिखाई नहीं देता? या फिर आम जनता की जान की कोई कीमत नहीं? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक रोज हादसों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल आश्वासन देकर जिम्मेदारी से बचते नजर आ रहे हैं।

#### विभाग आंख मूंदकर बैठाः पटेल

बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने इस मामले में संबंधित विभाग पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि नेशनल हाईवे जैसी महत्वपूर्ण सड़क पर इतना बड़ा और जानलेवा गड्ढा मौजूद है। विभाग आंख मूंदकर बैठा है। यदि कोई बड़ा हादसा होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी। उन्होंने बताया कि सड़क के किनारे नाली नहीं होने के कारण पानी सड़क पर बहता है, जिससे गड्ढा लगातार खतरनाक बना हुआ है। इस समस्या को लेकर पहले भी चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

#### जनता की तीन प्रमुख मांगें

1 गड्ढे को तत्काल भरकर सड़क की मरम्मत की जाए। 2 चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग तुरंत लगाई जाए। 3 लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

---




## सीएसआईडीसी अध्यक्ष ने बजट को बताया छत्तीसगढ़ के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा है कि केंद्र सरकार की बजट विकासोन्मुख, जनहितैषी और छत्तीसगढ़ जैसे औद्योगिक संभावनाओं वाले राज्यों के लिए अत्यंत लाभकारी है।

राजीव अग्रवाल ने कहा कि बजट में उद्योग, बुनियादी ढांचा, रोजगार और युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ को विकास की नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बताया कि कर वितरण, केंद्रीय अनुदान, रेल–सड़क परियोजनाओं, ऊर्जा और शिक्षा क्षेत्र में राज्य के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो प्रदेश के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़े पूंजीगत व्यय का सीधा लाभ छत्तीसगढ़ को मिलेगा। इससे न केवल औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी, बल्कि निजी निवेश को भी प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

सीएसआईडीसी अध्यक्ष ने बताया कि एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करने के लिए बजट में कई सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। इससे स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी बजट को जनकल्याणकारी और विकासोन्मुख बताते हुए केंद्र सरकार की नीतियों की सराहना की।

**खास बात**
- राजीव अग्रवाल ने की पत्रकारों से चर्चा, बोले-केंद्र की नीतियां सराहनीय

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव, प्रणव कुमार मरपच्ची (मरवाही), किशन सिंह ठाकुर, कुबेर सर्राठी, मुकेश दुबे, कन्हैया सिंह राठौर, समीरा पैकरा, मनीष श्रीवास, शिव शर्मा, राकेश चतुर्वेदी, शरद गुप्ता, राजकुमार रोहिणी, राजेश नंदिनी, सरिता राठौर, आदित्य गुप्ता, दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताः खुशवंत साहेब

**पथरिया।** ग्राम पंचायत बावली में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के प्रथम आगमन हुआ। इस मौके पर ग्राम के साई मंदिर के सामने एक सभा रखी गई जिसमें गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा, स्वरोजगार योजनाओं तथा अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान भी किया। इससे पहले पथरिया जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि चंद्रशेखर कौशिक एवं भाजपा पथरिया मंडल उपाध्यक्ष सनत बारगाह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि चंद्रशेखर कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंत्री के आगमन से क्षेत्र को नई विकास गति मिलेगी। उन्होंने ग्राम पंचायत बावली सहित आसपास के गांवों की मूलभूत समस्याओं सड़क, पानी, शिक्षा एवं रोजगार की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए आवश्यक स्वीकृति दिलाने की मांग रखी। इस अवसर पर भाजपा नेता रामेश्वर सिंह, गेंद सिंह कौशिक, निरंजन गहवई, राज कौशिक, रामकिशुन जायसवाल, बिट्टू बारमते, महेश साहू, वेदप्रकाश वर्मा, ओमकार वर्मा गोविन्द गोस्वामी, सहित सतनाम समाज के कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के विकास की अपेक्षा जताई।

## मनरेगा संशोधन संग्राम की तैयारियों को लेकर युकां की बैठक

**पेण्ड्रा।** युवक कांग्रेस द्वारा सोमवार को 12 फरवरी को राजधानी रायपुर में आयोजित होने वाली मनरेगा संशोधन संग्राम युवा महापंचायत की तैयारियों को लेकर बैठक हुई।



बैठक में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं जीपीएम प्रभारी आकाश मिश्रा तथा सह प्रभारी रामेश्वर पुरी गोस्वामी उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संगठन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और युवाओं की सक्रिय भूमिका पर विशेष जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव आकाश मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में किए जा रहे संशोधन मजदूरों, ग्रामीणों एवं बेरोजगार युवाओं के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। युवा कांग्रेस इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लोकतांत्रिक और संगठित तरीके से संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि युवा महापंचायत के माध्यम से सरकार की नीतियों की सच्चाई को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा। सह प्रभारी रामेश्वर पुरी गोस्वामी ने कहा कि पंचायत स्तर पर युवाओं को जागरूक करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय करने तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, पूर्व विधायक के.के. ध्रुव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री मनोज गुप्ता, गुलाब राज, अशोक शर्मा, विद्या राठौर, इदरीस अंसारी, शहाना बेगम, प्रशांत श्रीवास, बलबीर करसायल, दया वाकरे, असलम ख़ान, हेमनाथ सर्राटी, मनोज साहू, आमिर अली, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, अजय पुलस्त, तारा मार्को, राजमोहन वासुदेव, जिला महासचिव रवि राय, राजकमल केशरी, सुल्तान ख़ान, राहुल तिवारी, जरीना ख़ान, कोमल केवट, लालू काशीपुरी, देवलाल मराबी, रामकुमार सांवले, विधानसभा उपाध्यक्ष यश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला निलेश गुर्जर, जिला सचिव परमेश्वर कश्यप सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने जुट जाएं कार्यकर्ताः धरम

**पथरिया।** विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (वीबीजी रामजी) के अंतर्गत ग्रामीण जन जागरण अभियान के तहत सोमवार को रेस्ट हाउस में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक तथा वीबीजी रामजी जिला टोली संयोजक पवन पाण्डेय रहे। कार्यशाला में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा को गई। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर, आजीविका संवर्धन सामाजिक सशक्तिकरण एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत ने स्वागत भाषण में बैठक के उद्देश्यों को बतलाया। जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में अब अधिक रोजगार सृजन की आवश्यकता है जिसे देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन शुरू किया है जिसमें अधिक दिन रोजगार दिया जाएगा लेकिन कांग्रेस इसको लेकर भ्रम फैला रही है । जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने संगठन के पदाधिकारियों कार्यकर्तों को संगठित और योजनाबद्ध तरीके से वीबीजी रामजी के प्रसार प्रचार की बात कही। इस अवसर पर भाजपा नेता निश्चल गुप्ता, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, बलराम जायसवाल, प्रमोद साहू, भाजयुमो अध्यक्ष राजेंद्र साहू, जनपद सभापति जगदीश वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल छाबड़ा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, नगर पंचायत सभापति मेलाराम डडसेना, इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, राम बघेल, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, रितेश यादव, सनत बरगाह, रघुनंदन कर्माकर, सुखदेव वर्मा, देवेंद्र राजपूत, अर्चना सिंह ठाकुर, ज्योति सिंह ठाकुर, देवेंद्र डडसेना, गोपाल डडसेना, हरिचरण घृतलहरे, रिंकू बघेल, टीकाराम वर्मा, डॉ सुभाष पांडेय, उमेंद्र साहू, पीला राम जयसवाल, कृष्णा साहू, राकेश श्रीधर, योगानंद साहू, महेंद्र गुप्ता एवं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि के साथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि मेले का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मल्हार

भगवान शंकर के विशेष साधना का महाशिवरात्रि पर्व इस बार 15 फरवरी को है। परंपरानुसार धार्मिक नगरी मल्हार में इसी पवित्र दिन से भगवान पातालेश्वर में जलाभिषेक के बाद क्षेत्र का सबसे पुराना 15 दिवसीय मेला लगता है।

इस वर्ष भी नगर के लोगों के साथ ही पूरे क्षेत्रवासियों को मेले का इंतजार है। मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारी एक हफ्ते पहले से जगह चिन्हांकित कर दुकान सजाने में लगे हैं, परन्तु इस बार नगर पंचायत प्रशासन ने अभी तक मेले की तैयारी को लेकर आम नागरिकों की बैठक आयोजित नहीं की है। हालांकि मेला को लेकर जनप्रतिनिधि अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष का कहना है कि, जल्द ही मेला व्यवस्था को लेकर बड़ी बैठक होगी, जिसमें मेला स्थल की नियमित साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी पहलुओं पर चर्चा होगी।





**सिमट रहा मेला स्थल-** पिछले 90 वर्षों से आयोजित हो रहे ऐतिहासिक 15 दिवसीय मेले का अस्तित्व भी अब संकट में नजर आ रहा है। बढ़ती आबादी व जगह की कमी के कारण मेले का स्वरूप हर साल बदल रहा है। बस स्टैंड से मेला चौक, गढ़ चौक व देवांगन मोहल्ला तक मेला लगता है और यह मुख्य बस्ती व कई गांव का इकलौता रास्ता है। यहां कुछ वर्षों से निर्माण व कब्जे के कारण मेला स्थल सिमट गया है, जो कि मेले के अस्तित्व पर प्रभाव डाल रहा है।

#### शीघ्र होगी बैठक

15 दिवसीय मेले की व्यवस्था को लेकर पिछले दिनों पीआईसी में बात हुई है। मेले की सुरक्षा, साफ सफाई, पानी की उपलब्धता सहित सभी आवश्यक बातों को केंद्रित करते हुए जल्द ही एसडीएम मस्तूरी की उपस्थिति में बैठक होगी।

-अनुभव सिंह,
सीएमओ,
नगर पंचायत मल्हार

---

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ तह./वा./20. बिलासपुर,
दिनांक 02/02/2026
रा.प्र.क्र/ब-121/2025-26
ग्राम...तोरवा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रियंका ठाकुर पिता/पति आनंद कुमार निवासी ग्राम हेमू नगर के द्वारा जन्म विर आर्थव सिंह की जन्म दिनांक 10/06/2018 का प्रमाण पत्र जारी किये जानें का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 18/02/26 को 11.00 बजे दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र........ ब-121/2025-26
ग्राम पंचायत डंगनिया

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम डंगनिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक बहादुर पिता झनकू यादव जाति यादव निवासी ग्राम डंगनिया तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/पुत्री/पिता झनकू जन्म / मृत्यु दिनाँक 20.07.2012 को ग्राम डंगनिया में हुआ है, जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 10/02/26 को सुबह 10:30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपात्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनाँक 27/01/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क. /अ-6-अ/2025-26
ग्राम-उसलापुर तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक आशिष कुमार पिता कोमल दास, निवासी जरहाभाठा, बिलासपुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर, प.ह.नं. 60, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 205/112 रकबा 0.0240 हेक्टेयर भूमि के संबंध में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/2/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 04/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार सकरी**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम-चनाडोंगरी प.ह.नं. -23 रा.नि.मं. तखतपुर तहसील-तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नम्बर 442 रकबा 0.0970 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकर घनश्याम यादव पिता रवि यादव वार्ड नम्बर 4 आवासपारा घुरू गोकुलधाम बिलासपुर वाले के पास विक्रय हेतु श्रीमती दशोदा पटेल पति बलदेव पटेल जाति मरार के द्वारा विक्रय हेतु पक्का सौदा किया गया है जिसका रजिस्ट्रीय होना है किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति करना होगा तो एक सप्ताह के अन्दर मेरे कार्यालय में आकर दावा-आपत्ति कर सकते है,

सो सूचना जाने

**आवेदक**
**श्री ओ.पी. टान्डे**
**अधिवक्ता**
**जिला-न्यायालय**
**बिलासपुर(छ.ग.)**
**मो. 9827497741**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**मुंगेली।** दाबो स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में रविवार को प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान निबंध, कविता व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित टीम द्वारा उत्कृष्टता की जांच की गई व उनका साक्षात्कार भी लिया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से 30 बच्चों को उत्कृष्ट पाया गया है। 8वीं से लेकर 11वीं तक चयन छात्रदृछात्राओं की सूची शिक्षा मंत्रालय भेजी जा रही है, वहां पर फिर उनके निबंध व चित्रकला की जांच की जाएगी। फिर उत्कृष्ट एक बालक व बालिका का चयन किया जाएगा, जिन्हें गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### पारदर्शिता से की गई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी



**मुंगेली।** जिले के 105 उपार्जन केन्द्रों में सुव्यवस्थित तरीके से पारदर्शिता के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिले के 66 समितियों के 105 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों की संख्या 01 लाख 10 हजार 900 से अधिक है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत 15 नवंबर से 30 जनवरी तक तथा दिनांक 05 और 06 फरवरी को जिले में कुल 53 लाख 01 हजार 950 क्विंटल से अधिक धान की गई, इसमें मोटा 29 लाख 22 हजार 180 क्विंटल, पतला 330 क्विंटल और सरना 23 लाख 79 हजार 430 क्विंटल धान शामिल है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवेदनशील पहल पर किसानों को 05 और 06 फरवरी को भी धान बेचने की सुविधा प्रदान की गई। किसानों को 1256 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है।

### रिस्दा में महायज्ञ व कथा महोत्सव कल से



**मस्तूरी।** विश्व कल्याण व राष्ट्र उत्थान के निमित्त के लिए समीपस्थ ग्राम रिस्दा में 21 कुण्डात्मक श्री शिवशक्ति महायज्ञ व संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा महोत्सव का आयोजन 11 से 17 फरवरी तक आयोजित है। जूना अखाड़ा वृंदावन के स्वामी योगी सत्यानंद गिरी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस आयोजन का शुभारंभ बुधवार को कुटिघाट के हनुमान धारा से जल भरकर कलशयात्रा के साथ होगी। श्रीधाम वृंदावन की विदुषी आराध्या देवी प्रतिदिन दोपहर एक बजे से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण की कथा सुनाएंगी। यह धार्मिक आयोजन चित्रकूट के कृष्णानंद भारती, भूपत गिरी महाराज, वृंदावन के यज्ञाचार्य पंडित अमित कृष्ण शास्त्री सहित देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों से आए साधु संतों के सानिध्य में यह महायज्ञ सम्पन्न होगा।

### शिवनाथ संगम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम



**बोदरी।** मटियारी धाम ग्राम पंचायत बिल्टुकारी में हर पास शिवनाथ संगम तट में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में 8 फरवरी को पूर्ण आहुति एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के गांव के लोग शामिल हुए। श्रीराम शिरोमणि दास महाराज ने बताया कि आने वाले हिंदू नव वर्ष पर राम जन्मोत्सव के उपलक्ष में नव दिवसीय श्री रामचरितमानस यज्ञ एवं संगीत में श्री राम कथा का आयोजन 19 से 27 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, सरपंच मनोज क्षत्री और समाज सेवक शामिल रहेंगे।

### मंगला में 34 लाख के निर्माण कार्यों का शिलान्यास-भूमिपूजन



**बोदरी।** ग्राम पंचायत मंगला में सामुदायिक भवन राशन दुकान आंगनवाड़ी निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा रामकुमार कौशिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोमेश तिवारी इंद्रजीत क्षत्रिय भोलाराम साहू डॉ लक्ष्मण यादव दुर्गेश श्रीवास अनिल पाल उमेश खुसरो उत्तरा साहू जन्तराम कैवर्त हरेंद्र यादव इकाई अध्यक्ष दिल हरण पटेल इकाई अध्यक्ष सुरेश पटेल किस लाल पटेल पंच फुलसाय पटेल वीरेंद्र यादव सुखनंदन पटेल जितेंद्र पटेल व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को नहीं मिली शैक्षणिक सुविधाएं

# अब तक नहीं पहुंची 41 स्कूलों के लिए भेजी गई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य कार्यालय द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के तहत जिले के 41 स्कूलों के लिए सत्र 2025-26 के लिए नवम्बर माह में भेजे गए 2-2 लाख रुपए अब तक नहीं पहुंच पाए हैं। स्कूलों में इसी माह से परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। फाइलों एवं उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश की लेटलतीफी के चलते स्कूलों में उक्त राशि नही पहुंच पाई है। जिससे विद्यार्थियों को इस सत्र में मिलने वाली शैक्षणिक सुविधाएं अप्राप्त रही। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विद्यार्थियों ने भी मांगें रखी हैं।

- सत्र 2025-26 के लिए नवम्बर माह में भेजे गए थे 2-2 लाख रुपए

व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने वाले हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों को समग्र शिक्षा द्वारा भेजे गए 2-2 लाख रुपए के आबंटन को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, नई दिल्ली द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य परियोजना कार्यालय के माध्यम से मुंगेली जिले के 41 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा संचालन हेतु प्रति विद्यालय 2 लाख की दर से कुल 82 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह राशि वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025-26 के अंतर्गत आफिस एक्सपेंसेस, कंटीजेंसी वित्त स्कूल पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों को लिमिट जारी कर उपलब्ध कराई जानी थी। तीन माह अधिक समय बीतने के बाद भी राशि वितरण नहीं हो पाया है। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से उक्त राशि की स्वीकृति एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए है। अब तक 41 विद्यालयों में पदस्थ कार्यरत प्राचार्यो को वित्तीय लिमिट जारी नहीं की गई है। इस विलंब के चलते जिले में सत्र 2025-26 में संचालित व्यवसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।



व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा की मांग करते विद्यार्थी।

#### भेजी गई फाइल

स्कूलों में राशि आबंटन करने संबंधी फाइलें उच्चाधिकारियों के पास भेजी गई है।

-एल.पी. डाहिरे, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

#### उपलब्ध कराई जाएगी

सत्र समाप्ति की ओर है और विद्यार्थियों के लिए प्राप्त राशि का सद्धुपयोग नहीं होना दुर्भाग्यजनक बात है, इस संबंध में ऊपर बात कर स्कूलों में जल्द राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

-शांति देवचरण भास्कर, अध्यक्ष शिक्षा समिति एवं उपाध्यक्ष जिपं मुंगेली।

#### मिली है जानकारी

इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है। उच्चाधिकारियों से चर्चा कर जल्द ही राशि संबंधित स्कूलों में भेजी जाएगी।

-श्रीकांत पाण्डेय, अध्यक्ष जिला पंचायत, मुंगेली

## जनरल स्टोर में लगी आग सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



शंकर मंदिर के पास स्थित जनरल स्टोर में देर रात आग से दुकान मे रखे सामान जल गए। घंटों बीत जाने के बाद भी दमकल (फायर ब्रिगेड) की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिसके कारण आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। प्रशासन के गैर-जिम्मेदाराना रवैए को लेकर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है।

शंकर मंदिर के आसपास का क्षेत्र काफी सघन है। दुकान से उठती ऊंची लपटों को देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। दमकल की अनुपलब्धता के कारण लोग बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की नाकाम कोशिश करते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस सुस्ती की वजह से पूरी बस्ती जलकर खाक हो सकती थी। प्रशासन के उदासीन रवैया एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। भीषण अग्निकांड जैसी आपातकालीन स्थिति में भी समय पर संसाधन उपलब्ध न होना प्रशासन की बड़ी विफलता माना जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए रहे, जबकि दुकानदार की जीवनभर की पूंजी आंखों के सामने खाक होती रही। घनी आबादी वाले क्षेत्र में इस तरह की घटना प्रशासन के लिए एक चेतावनी है। यदि समय रहते दमकल की गाड़ी पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था।

## सकर्रा में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**सकरी।** सकर्रा से बहतराई तक 1.81 लाख की लागत से 6.98 किलोमीटर बनने वाली सड़क भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह थे। उन्होंने कहा कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास का मजबूत आधार होती है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। जिला भाजपा उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि सड़कें विकास की रीढ़ होती हैं। इस मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप, विशाल विक्की सिंह, रामकुमार निर्मलकर, रवि मेहर, दिनेश साहू, सभापति रंजना तुलसी कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, श्याम सुंदर कश्यप, पूजा कौशिक, श्यामता कौशिक, आनंद अवस्थी, राधिका कौशिक, अश्वनी साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सकरी मंडल महामंत्री तुलसी कौशिक एवं आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष श्यामता कौशिक ने किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद गुलजीत खुराना, संजय कर्ष, बृजेश निर्मलकर, अनिल यादव, रामकुमार निर्मलकर, राजकमल, अमर गुप्ता, बलवंत मरकाम, पंकज कौशिक, शिवम कौशिक, योगेश साहू, अमर गुप्ता, विनोद साहू, नवीन कौशिक, नीलकांत दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों के निराकरण करने हेतु मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षामंत्री, मुख्य सचिव एवं स्कूल शिक्षा सचिव के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में विभिन्न मांगों का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुषमा पांडेय, जिला संगठन सचिव रामसिंह ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष मिल्लू राम यादव, तहसील अध्यक्ष लेखराम नेताम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अन्नपूर्णा परिहार, उपाध्यक्ष राजा सिंह मिरी, राजेश कुमार साहू, कुंदन पात्रे, संरक्षक डां.सत्यनारायण तिवारी, चंद्रकुमार शर्मा, सूर्यभान सिंह, सचिव संतोष कुमार साहू, संचालक नारायण साहू, संयोजक रामस्वरूप ध्रुव कोषाध्यक्ष लालसिंह राठौर, जिला प्रतिनिधि शत्रुहन साहू, नकुल साहू, महामंत्री रोशन राजपूत, कीर्ति राजपूत, मिडिया प्रभारी युगल राजपूत, नगर प्रभारी सुभाषिनी राजपूत, प्रचार सचिव श्रीमती चित्ररेखा ध्रुव, सहसचिव छलदेवी नवरंग, बसंत पटेल, बसंत राजपूत संकुल अध्यक्ष-रामगोपाल निषाद, विनोद राजपूत, रामखिलावन डड़सेना, कृष्ण चंद्र राजपूत, अशोक कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार राजपूत, होरीलाल साहू, उमा सिदार जी, रामप्रसाद साहू, सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ सभी उपस्थित शिक्षकों द्वारा स्थानीय मुद्दों पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी लोरमी को भी इसी तरह एक ज्ञापन सौंपने की बात कही गई।

## भाजपा किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की परिचयात्मक बैठक रविवार को उस्लापुर में आयोजित की गई। बैठक में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों से परिचय लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। किसान मोर्चा शहर अध्यक्ष दिनेश राजपूत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, 11 फरवरी को एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होना है। उन्होंने कहा, किसान मोर्चा भाजपा पार्टी की रीढ़ है, जो हमेशा अडिग होकर काम करता है। उन्होंने कहा कि, हर बूथ में 10-10 किसान मित्र बनाना है, और प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाने का काम करना है। बैठक में किसान मोर्चा के नेताओं और पदाधिकारियों ने कहा, विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम को लेकर कांग्रेस लगातार तथ्य और सत्य की अनदेखी कर झूठ फैला रही है एवं प्रदेश के किसानों व मजदूरों को बरगलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा, सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि को 5-5 ग्राम पंचायत मे कार्यशाला आयोजित करना है।

**कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं-**

किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि, मुद्दाविहीन कांग्रेस तथ्यहीन बातें कर रही है। पूरा प्रदेश कांग्रेस के राजनीतिक पाखंड से अच्छी तरह वाकिफ है। किसान मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश के जन-जन तक पहुंचकर जागरुकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश कौशिक ने कहा, विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है, और कई मायनों में इससे बेहतर है।

## 25 अधिकारी-कर्मचारियों का कटेगा वेतन

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सोमवारको कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नजूल शाखा, भू-अभिलेख शाखा, शिक्षा विभाग, डीएमएफ शाखा, डिजिटल अभिलेखागार, खेल विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय, खाद्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सहकारिता विभाग, आदिवासी विकास विभाग, अंत्यावसायी विभाग, रीडर व आवक-जावक शाखा, समाज कल्याण विभाग, वरिष्ठ लिपिक शाखा, शिकायत शाखा, स्थापना शाखा, अधीक्षक कक्ष, आबकारी विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्यालय का निरीक्षण किया और कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति आदि का जायजा लिया और समयबद्धता के साथ कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर ने किया विभिन्न विभागों का निरीक्षण



कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने अनुपस्थित 25 अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के साथ ही एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक नदीम काजी, अंत्यावसायी विभाग के कार्यपालन अधिकारी देवेन्द्र जांगड़े, जिला उद्योग विभाग केन्द्र के महाप्रबंधक किशोर राजपूत व सहायक प्रबंधक उत्तम दुबे, भू-अभिलेख शाखा के अधीक्षक रिचा गुप्ता व सहायक अधीक्षक भूमिका तिवारी और विभिन्न विभागों के सहायक ग्रेड 02 व 03, स्टेनोटायपिस्ट और डाटा एन्ट्री आपरेटर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्यालयों की कार्यक्षमता और आमजन की सुविधा के लिए अनुशासन एवं समयपालन बेहद जरूरी है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### दो बाइक के बीच भिंड़त युवक की हो गई मौत

**कोरबा।** दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिंड़त हो जाने से एक युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ति के ग्राम जामपाली निवासी नरेंद्र चंद्र 22 वर्ष पिता मनोज कुमार अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से भैंसमा करमंदी की ओर आ रहा था कि इसी दौरान दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में नरेंद्र चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान नरेंद्र चंद्र की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच में कर रही है।

## सेतगंगा के 40 ग्रामीण उल्टी-दस्त के शिकार

**सेतगंगा/मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेतगंगा में इन दिनो विगत एक सप्ताह से उल्टी दस्त की समस्या से त्रस्त होकर अब तक लगभग 40 ग्रामीण बीमार हुए है। घटना के बाद ग्राम से लेकर अस्पताल और अस्पताल से लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणजन शासन-प्रशासन से स्थायी जल शुध्दिकरण व्यवस्था सुनिश्चित करने गुहार लगायी है। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी इस गंभीर समस्या पर शासन प्रशासन की कान में जू नहीं रेंगने से ग्रामीणो में गहरा आकोश है।

ग्राम पंचायत सेतगंगा में दूषित पेयजल के चलते 3 दर्जन से अधिक ग्रामीण प्रभावित हो गए है। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में हडकंप मचा दिया है। ग्राम में विगत 6-7 दिनो से एक के बाद एक लगभग 40-50 ग्रामीण बीमार पड़ गए है। जिसके चलते ग्राम से लेकर अस्पताल एवं पी.एच.ई. विभाग में हडकंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि सभी मरीजों को उल्टी, दस्त की समस्या से ग्रसित है। लोग ईलाज कराने के लिए सरकारी अस्पताल पहुँच रहे है। वहीं कुछ मरीजो की ईलाज निजी डॉक्टरो के द्वारा भी किया जा रहा है। प्रभावितो की मानें तो गांव में दूषित पानी पीने से उन्हें यह समस्या उत्पन्न हुई है। घटना ने पीएचई विभाग की लापरवाही उजागर की है। मानसून खत्म होने के बाद पानी की गुणवत्ता पर प्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते ऐसी स्थिति निर्मित हुई हैं घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पीएचई विभाग की टीम ग्राम पहुँची और टीम ने स्थिति का जायजा लिया और पानी की सेंपल एकत्रित कर जांच के लिए ले गए। इस संदर्भ में जांच अधिकारियो का कहना है कि सेंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही बीमारी का सटीक कारण पता चल सकेगा।

#### चलेगा सफाई अभियान

मामला गरमाने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने आश्वासन दिया है कि वैकल्पिक जल स्त्रोत उपलब्ध कराए जाएंगे और जल सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो मानसून के बाद ऐसे मामले बढ़ते है जहां जल स्त्रोतो में बैक्टीरिया पनपते है।

### दृष्टिबाधित बच्चों के भविष्य को रोशन कर रही शिक्षिका परवीन

## ब्रेल पुस्तकों एवं 3100 से अधिक ऑडियो बुक्स का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले की शिक्षिका परवीन बेबी दिवाकर की संवेदनशील पहल प्रदेश भर के दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा का मजबूत आधार बन रही है। राजधानी रायपुर के लोकभवन, सिविल लाइन में आयोजित कार्यक्रम में 2 ब्रेल पुस्तकों एवं 3100 से अधिक ऑडियो बुक्स का विमोचन किया गया। जिसमें जिले की शिक्षिका परवीन बेबी दिवाकर की प्रतिभा को सराहा गया।

राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा "दिव्यांग महिलाओं की सफलता की कहानी" एवं "छत्तीसगढ़ के वीर" शीर्षक ब्रेल पुस्तकों का विमोचन किया गया। साथ ही दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए तैयार की गई 3100 से अधिक ऑडियो बुक्स भी जारी की गईं। इस व्यापक शैक्षणिक अभियान में प्रदेश के 30 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता निभाई, जिनमें मुंगेली जिले से परवीन बेबी दिवाकर का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने स्पष्ट उच्चारण और बच्चों को आसानी से समझ आने वाली शैली में ऑडियो बुक्स तैयार कीं, जिससे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को अध्ययन में विशेष सुविधा मिल रही है। मुंगेली जैसे अपेक्षाकृत छोटे जिले से किसी शिक्षिका का इस स्तर के राज्यव्यापी और भविष्य में राष्ट्रीय विस्तार वाले अभियान का हिस्सा बनना जिले के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है। विमोचित ऑडियो बुक्स में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के सभी विषयों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष प्लेलिस्ट उपलब्ध कराई गई है। इनमें छत्तीसगढ़ी, हिंदी, हल्बी, पंजाबी भाषाओं की सामग्री, सरगुजिया कहानियां, सामान्य ज्ञान, महिला सशक्तिकरण एवं दिव्यांगजनों को मिलने वाली शासकीय योजनाओं से संबंधित उपयोगी जानकारियां भी शामिल हैं। इन सभी ऑडियो सामग्रियों को वर्ल्ड ऑडियो बुक यूट्यूब चैनल पर निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है, जिससे प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों के दृष्टिबाधित विद्यार्थी भी लाभान्वित हो सकें। मुंगेली जिले की शिक्षिका की सहभागिता ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद सेवा भावना और समर्पण के बल पर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। यह पहल न केवल दृष्टिबाधित बच्चों के भविष्य को रोशन कर रही है, बल्कि मुंगेली को प्रदेश और देश के शैक्षणिक मानचित्र पर भी सशक्त पहचान दिला रही है।




राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका।

## महाप्रसाद के साथ तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का समापन



**सीपत।** ग्राम पंचायत के समीप 7 से 9 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय नौ कुंडीय विशाल गायत्री महायज्ञ का सोमवार को समापन हुआ। तीनों दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित शामिल हुए और यज्ञ, मंत्रोच्चार एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दूसरे दिन वक्ताओं ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि होली को केवल उत्सव नहीं, संस्कार का पर्व बनाएं। उन्होंने होलिका दहन स्थल को पवित्र बनाए रखने, महिलाओं के सम्मान की रक्षा करने और गांव को आदर्श ग्राम बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रविवार को विद्यारंभ संस्कार, मुंडन संस्कार, वैवाहिक संस्कार और गर्भ संस्कार सहित अनेक वैदिक संस्कार संपन्न कराए गए। इन संस्कारों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भारतीय संस्कृति में पारिवारिक और सामाजिक जीवन के महत्व की जानकारी दी गई। सोमवार को महाप्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने में रामरतन साहू, लक्ष्मण साहू, नंदकिशोर गुप्ता, भीष्म गुप्ता, अरुण यादव, शिवशंकर जायसवाल सहित गायत्री परिवार के सभी सदस्यों और ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर से मारपीट

**बिलासपुर**। दो युवकों ने बिल्डिंग मटैरियल सप्लायर से मारपीट कर दी है। बीच बचाव करने घरवाले आए तो दोनों हमलावर भाग गए। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी आवासपारा निवासी नारायण प्रसाद साहू पिता कैलासराम साहू रेती गिट्टी मटैरियल सप्लायर हैं। 8 फरवरी की रात वे अपने घर जा रहे थे। रात 10 बजे वे घर के पास पहुंचे तो और कार से बाहर निकले तो अज्ञात दो युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। उनकी आवाज सुनकर घरवाले बीच बचाव करने आए तो दोनों हमलावर भाग गए। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 55 लीटर महुआ शराब सहित कोचिया गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस ने महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले कोचिया को पकड़ लिया है। उसके पास से 55 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस को सूचना मिली, जलसो निवासी शिवनारायण वर्मा पिता स्व. सौपतलाल वर्मा 40 साल अपने में भारी मात्रा महुआ बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने उसके घर में दबिश देकर अलग अलग प्लास्टिक डिब्बों में 55 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर शिवनारायण वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है।

### मिल संचालक से पिता पुत्र ने की मारपीट

**बिलासपुर**। सामान खरीदने दुकान गए मिल संचालक के साथ पिता पुत्र ने जमकर मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पारिजात एक्सटेशन निवासी आदित्य घाटगे पिता अरूण घाटगे बिरकोना में लकड़ी मिल चलाते हैं। उनके घर के सामने रहने वाले बबला सिंह ठाकुर है। श्री घाटगे ने आरोप लगाया है पिछले एक माह से बबला सिंह अनावश्यक कमेंट करते रहते हैं। 8 फरवरी को शाम 6 बजे वे राधा स्वामी जनरल स्टोर गए थे। उस समय बबला सिंह उनका बेटा देव सिंह ठाकुर पहले से उपस्थित थे। उन्हें देखकर दोनों पिता पुत्र उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों पिता पुत्र हाथ मुक्का से मारपीट कर कालर पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने श्री घाटगे की रिपोर्ट पर हमलावर पिता पुत्र बबला सिंह ठाकुर, देव सिंह ठाकुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सिम्स से सफाईकर्मी की बाइक पार

**बिलासपुर**। । एक बार फिर सिम्स से सफाईकर्मी की बाइक चोरी कर ली गई है। लगातार चोरी के बाद भी पुलिस सहायता केंद्र व सुरक्षाकर्मी चोरी रोक पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। कोतवाली पुलिस के अनुसार, रमतला निवासी गौरीशंकर यादव पिता राधेश्याम यादव सिम्स में सफाईकर्मी हैं। 7 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे वे बाइक क्रमांक सीजी 10 एजी, 3722 से ड्यूटी से सिम्स आए और सिम्स कालेज के बिल्डिंग के सामने बाइक खड़ी कर सफाई करने चले गए। शाम 4.30 बजे वे घर जाने के लिए बाहर आए तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**खाद्य विभाग की अनदेखी** | शहर के भीतर संचालित हो रहे आधा दर्जन गैस गोदाम

# रिहायशी इलाके में गैस गोदाम, खाद्य विभाग मौन, कभी भी हो सकती है गंभीर दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के भीतर रिहायशी इलाकों में आधा दर्जन से भी अधिक गैस गोदाम संचालित हो रहे हैं। गैस गोदामों की आउटर में शिफ्टिंग को लेकर खाद्य विभाग की अनदेखी के कारण शहर के भीतर कभी भी गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। संभव है कि इन गैस गोदामों की स्थापना के दौरान उन स्थानों पर आबादी न रही हो, जिससे इनके संचालन की अनुमति दी गई, लेकिन अब घनी बसाहट हो जाने के कारण इनकी शहर से आऊटर में शिफ्टिंग अति आवश्यक है।

घनी आबादी क्षेत्रों में शहर के भीतर स्थापित गैस गोदामों से हर समय अनहोनी का भय बना हुआ है। थोड़ी सी चूक भी एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। शहर के भीतर करीब आधा दर्जन गैस गोदाम स्थापित हैं। इनमें कपिलनगर, मगरपारा, करबला रोड, शुभम विहार व महाराणा प्रताप चौक में गैस एजेंसी के गोदाम संचालित हो रहे हैं। खाद्य विभाग के अनुसार गैस एजेंसियों को शहर के भीतर केवल ऑफिस संचालन की अनुमति होती है, वहीं गोदाम की स्थापना आऊटर में ही की जानी है। जिस समय गैस एजेंसियों द्वारा अपने गैस गोदाम स्थापित किए गए तब शहर इतना फैला हुआ नहीं था। अब शहर काफी फैल चुका है, जिससे गैस गोदाम अब घनी आबादी के बीच नजर आ रहे हैं। खाद्य विभाग ने भी अब इन गैस गोदामों को शहर के लिए न केवल खतरा बताया है, बल्कि इनकी जल्द आऊटर में शिफ्टिंग की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात भी कही है।



### पहले भी उठ चुकी है शिफ्टिंग की मांग

गैस गोदामों व आयल डिपो की शिफ्टिंग को लेकर पहले भी कई बार मांग उठ चुकी है। मांगों को लेकर कुछ दिनों तक गंभीरता दिखाई जाती है, लेकिन बाद में मामला फिस्स हो जाता है। अप्रैल-मई में शहर का तापमान 46 डिग्री के भी पार चला जाता है, जिससे आगजनी की घटनाएं लगातार देखी जाती हैं। इसके बाद भी अत्यंत ज्वलनशील पदार्थ की श्रेणी में आने वाले गैस गोदामों की शहर से आऊटर में शिफ्टिंग नहीं कर पाने की वजह समझ से परे है।

### बीच सड़क पर ट्रक खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग

रिहायशी इलाकों में स्थापित गैस गोदामों में ऑयल कंपनी से भरा सिलेंडर मंगवाने के बाद गोदाम के सामने बीच सड़क पर ट्रक खड़ा कर अनलोडिंग किया जाता है। इसी तरह गोदाम के भीतर पड़े खाली सिलेंडर ट्रक में लोड किए जाते हैं। इस दौरान सड़क पर आवागमन करने वाले दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों को आवागमन में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन इससे गैस कंपनी संचालकों को कोई सरोकार नहीं है।

### नहीं होना चाहिए गोदाम

शहर के भीतर रिहायशी इलाकों में गैस गोदाम नहीं होने चाहिए। इस संबंध में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड को पत्र लिखकर संज्ञान लेने के लिए कहा जाएगा।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

वन विभाग के अफसरों ने मौके पर पहुंचकर की जांच, अज्ञात के खिलाफ किया मामला कायम

# मोपका जंगल में काटा गया एक पेड़ लेकिन अवैध उत्खनन से लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोपका के जंगल में अवैध उत्खनन से लाखों का नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन वहां एकमात्र पेड़ की कटाई हुई। इस मामले की मौके पर जाकर विभागीय अफसरों व स्टाफ ने जांच की, जिसके बाद ग्रामीणों से पूछताछ कर अज्ञात के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार मोपका के खसरा नम्बर 2500 और 53, 54, 55 में 80 एकड़ से अधिक वन विभाग की भूमि है, जहां पिछले कई दिन से अवैध मिट्टी का खनन और सागौन व अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही थी। 80 एकड़ से अधिक फैले इस जंगल में किसी भी बीट गार्ड को तैनात नहीं किया गया था, जिसके कारण बिलासपुर वन मंडल के मोपका क्षेत्र के जंगल में कोई अफसर और स्टाफ झांकने तक नहीं पहुंचते थे। वर्षो पहले यहां सागौन और अन्य प्रजातियों के पौधरोपण करने के बाद क्षेत्र को नारंगी घोषित कर दिया गया था। पांच साल तक वन विभाग ने इसकी देखभाल की और पांच साल बाद इसे भगवान भरोसे छोड़ दिया।

इस दौरान यहां पौधे और क्षेत्र की सुरक्षा करने वाले दैनिक वेतन भोगी स्टाफ को भी हटा दिया गया। इसका फायदा उठाकर भू माफियाओं ने जेसीबी से सैकड़ों फीट रेतीली मिट्टी की खोदाई करने के साथ पेड़ों पर भी कुल्हाड़ी चलाना शुरु कर दिया। पूर्व में तैनात गार्ड रामनारायण धूरी ने जानकारी दी कि वर्ष 2013-14 में मोपका के बीट नम्बर ए और बी में हजारों की संख्या में पौधरोपण किया गया था, जिसमें सागौन के पेड़ भी शामिल थी। इनकी सुरक्षा के लिए उनके साथ बुद्धेश्वर, राजकुमार जय कुमार सहित चार लोगों को जिम्मेदारी दी गई थी। दो वर्ष में उनकी कंपनी से अनुबंध समाप्त होने का हवाला देकर वन विभाग अफसरों ने सभी सुरक्षा गार्ड को हटा दिया। मोपका में फैले जंगल से लगे जमीनों में करीब पांच ईंट भट्ठे संचालित हैं। यहां से जंगल तक जाने अस्थायी रास्ता बनाया गया है, जो बड़े वाहनों के आवाजाही के लिए उपयोग में लाए जाते हैं।



मोपका जंगल से काटे गए पेड़ के ठूंठ।

### ईंट भट्टा संचालकों को फायदा

ग्रामीणों ने बताया कि मोपका के जिस स्थान पर अवैध मिट्टी उत्खनन और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की गई। वहां जंगल के आसपास और पीछे में ईंट भट्ठे संचालित होते हैं, जो बड़े राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं। इनका नाम सुनते ही विभाग के अफसर किसी तरह की कार्रवाई नहीं करते। इसके कारण वे बेधड़क अपनी जेसीबी लाकर खोदाई कर रहे हैं।

### एक पेड़ की कटाई

मोपका में अवैध उत्खनन और पेड़ों की कटाई होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर जाकर जांच की गई, जहां केवल एक पेड़ की कटा हुआ दिखा, लेकिन अवैध उत्खनन जरूर हुआ है। इस स्थान पर वापस चौकीदार को तैनात किया जा रहा है, ताकि उसकी सुरक्षा हो सके। इसके अलावा अज्ञात के खिलाफ वन अधिनियम के तहत अपराध भी कायम कर लिया गया है।

### बीट गार्ड की नियुक्ति नहीं

रामनारायण धूरी ने बताया कि अब तक कोई बीट गार्ड की नियुक्ति नहीं हुई है। शहर से लगे बेशकीमती वन भूमि को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। वे स्वयं वर्षो से वन विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, उन्हें 24 माह का वेतन भुगतान भी नहीं किया गया है। की जा रही जांचमोपका में वन विभाग की कोई भी भूमि नहीं है। अवैध उत्त्खनन और पेड़ों की कटाई के संबंध में शिकायत आई है। इसके खसरा नम्बर के अनुसार जांच का आदेश दे दिया गया है। अगर यह भूमि राजस्व क्षेत्र की होगी तो प्रशासन को इससे अवगत कराया जाएगा।

### जांच चल रही

एक पेड़ कटा था, खोदाई उसके सैलरी पुर्न स्थापित किया जाएगा अवैध खोदाई किया जाएगा। रेगूलर सैलरी मिले। राजस्व खसरा नम्बर पीओआर अज्ञात में कर दिया जाएगा। जमीन की वस्तु स्थिति की जांच चल रही है।

**-शुभम मिश्रा**, रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

# प्रेमी के खुदकुशी करने पर प्रेमिका ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



परिजनों का बयान लेने पहुंची पुलिस।

- प्रेमिका ने बुआ के घर लगाई फांसी

प्रेमी के खुदकुशी करने से क्षुब्ध होकर प्रेमिका ने बुआ के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तोरवा थाना के एएसआई विमला मनहर ने बताया, कोरिया बैकुंठपुर पाठाकोना निवासी प्रिंसी गुप्ता पिता स्व. बब्लू गुप्ता 17 साल 11 माह अपने प्रेमी विजय के साथ घर छोड़कर दिल्ली भाग गई थी। वहां विजय के घरवालों ने उसे रखने से इनकार कर दिया। जिससे उनके बीच विवाद हो गया। सूचना पर दिल्ली पुलिस ने प्रिंसी को वहां के अनाथ आश्रम में सुरक्षार्थ रखवा दिया था। उसके बाद दिल्ली से बैकुंठपुर अनाथ आश्रम में उन्हें शिफ्ट कर दिया था। जानकारी होने 15 दिन पहले उनकी बुआ तोरवा पंप हाउस के पास किराए के मकान में रहने वाली वसुंधरा गुप्ता पति चंचल गुप्ता ने अनाथ आश्रम से अपने घर ले आई थी। 8 फरवरी को शाम 6 बजे प्रिंसी को उसके सहेली ने बताया कि उसके प्रेमी विजय ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। यह बात प्रिंसी ने अपने बुआ को भी बताई थी। रोज की तरह 9 फरवरी को सुबह बुआ व फूफा काम पर चले गए। सुबह 10 बजे बुआ वसुंधरा ने प्रिंसी को फोन कर अपने बेटे को खाना खिलाने के लिए बोली थी। उसके बाद उनके मकान मालिक ने उन्हें फोन कर प्रिंसी के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की जानकारी दी। पति पत्नी अपने घर गए तो प्रिंसी फांसी पर लटकी मिली।

संभावना जताई जा रही प्रेमी के द्वारा खुदकुशी कर लेने से क्षुब्ध होकर प्रिंसी ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# पुराने विवाद में युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। पुराने विवाद में युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नारियल कोनी दयालबंद निवासी सन्नी उर्फ गोलू कश्यप पिता उमाशंकर कश्यप तोरवा पुल के पास चखना दुकान में काम करता है। 8 फरवरी को चखना दुकान बंद होने पर वह अपने मालिक गोपी सोनकर के साथ खाना खाने रवि रिसार्ट गया। खाना खाने के बाद सन्नी उर्फ गोलू पैदल घर जा रहे थे। रात 11.30 बजे संदीप मिश्रा अपने साथियों के साथ उन्हें रोककर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पीठ में चाकू से हमला कर दिया। कुछ दूर भागने के बाद वह गिर गया। जिससे हमलावर भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर संदीप मिश्रा एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 126, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# एक क्लिक से पंचायत परिसंपत्तियों की मिलेगी पूरी जानकारी, डिजिटल रिकार्ड हो रहा तैयार

**बिलासपुर**। मोबाइल एप पर एक क्लिक करते ही अब ग्राम पंचायतों की सभी परिसंपत्तियों की जानकारी मिल जाएगी और कौन से पंचायत क्या-क्या संपत्ति और कब निर्माण कराया गया है, यह भी पता चल जाएगा। इसके लिए ग्राम संपदा मोबाइल एप पर पंचायत भवन से लेकर सामुदायिक भवन, दुकान, बाजार परिसर तालाब, खेल मैदान का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

आधुनिक युग में हर क्षेत्र में डिजिटलीकरण होते जा रहा है। इससे शहर से लेकर गांव अब गांव भी अछूते नहीं रहे। आने वाले कुछ दिनों में पंचायतों के परिसंपत्तियों का डिजिटलीकरण का काम भी पूरा हो जाएगा और ग्राम पंचायतों के संपत्तियों के डिजिटलीकरण की दिशा में ग्राम संपदा मोबाइल एप एक महत्पूर्ण डिजिटल पहल के रूप में सामने आएगा। मोबाइल एप पर क्लिक करते ही किसी भी पंचायत के एक-एक परिसंपत्तियों की जानकारी मिल जाएगी और यह भी पता चलेगा कि कौन से पंचायत में कौन सा भवन या संपत्त है और कब बनाई गई थी, उसकी लागत कितनी थी, कितनी राशि में निर्माण कराई गई थी आदि जानकारी उसमें रहेगी। इसके लिए एक-एक पंचायतों के पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, दुकानें, बाजार परिसर, तालाब, खेल मैदान आदि का डिजिटल रिकार्ड तैयार करने का काम चल रहा है। बिलासपुर जिले के सभी 486 ग्राम पंचायतों का ग्राम संपदा एप में डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है। इसमें से 307 ग्राम पंचायतों का तो ग्राम संपदा एप भी तैयार कर लिया गया है।

### बनाया जा रहा है रिकार्ड

जिले में पंचायतों के संपत्तियों की डिजिटलीकरण का कार्य चल रहा है। ग्राम संपदा एप में पंचायतों में स्थित भवन, कामर्शियल काम्पलेक्स दुकान, बाजार आदि का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत

### पंचायतों को बना रहे सशक्त

जिला प्रशासन एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम संपदा एप के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सतत मानिटरिंग, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राम पंचायतें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सके। ग्राम संपदा एप पर एक क्लिक करते ही पंचायतों के पूरी संपत्तियों की जानकारी मिलेगी।

**-शिवानी सिंह**
डिप्टी डायरेक्टर पंचायत

# रेलवे स्टेशन में बिगड़ी वृद्ध यात्री की तबीयत

**बिलासपुर**। जोनल रेलवे स्टेशन में अचानक एक वृद्ध यात्री की तबीयत बिगड़ी और वे बेहोश हो गए। सूचना मिलते ही वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम ने तत्काल आपातकालीन चिकित्सा की व्यवस्था कर राहत प्रदान कराया।

सोमवार को एक वृद्ध यात्री भिलाई से कोरबा तक सफर कर रहे थे। यात्री को बिलासपुर आने के बाद कोरबा की ओर जाने के लिए ट्रेन बदलना था। ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही वृद्ध यात्री बिलासपुर में उतर गए। इस दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई और वे बेहोश हो गए। जानकारी मिलते ही वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम ने मौके पर पहुंचकर यात्री को स्टेशन स्थित आपातकालीन चिकित्सा कक्ष तक पहुंचाकर उनके परिजन से संपर्क किया। जांच में पाया गया कि यात्री का शुगर स्तर अत्यधिक कम हो गया, जिसके कारण उनकी स्थिति गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। इसके बाद उन्हें कोरबा के लिए रवाना कर दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि स्पेशल टीम आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।

### चाकू लहराकर धमकाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर**। चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शनिचरी मछली मार्केट में एक युवक चाकू लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जूना बिलासपुर मनोहर लाज के पास रहने वाले शुभम कुशवाहा पिता अमित कुशवाहा 22 साल को पकड़कर चाकू जब्त कर लिया है। इसी तरह तारबाहर पुलिस ने व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास से नयापारा सिरगिट्टी निवासी संजू यादव पिता सियाराम यादव 21 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत दोनो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# प्रिंटर आपरेटर की घर में सड़ी लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर**। प्रिंटर आपरेटर की घर के बिस्तर पर सड़ी हुई लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस जांच में जुट गई है।

तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, विनोबानगर में किराए के मकान में रहने वाले प्रदीप जायसवाल पिता मेवालाल जायसवाल 42 साल अकेले रहते थे। 9 फरवरी को उनके साथ काम करने वाला एक कर्मचारी उनके घर गया तो तेज बदबू आ रही थी। पीछे के रास्ते से वह घर के अंदर गया तो प्रदीप जायसवाल बिस्तर में मृत मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लाश 6 से 7 दिन पुरानी बताई जा रही है और पुरी तरह से सड़ गई थी। मामले की जांच की जा रही है। श्री अनंत ने बताया, मृतक शराब पीने का आदी था। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
प्रतिष्ठित समाचार पत्र "हरिभूमि" के लिए अनुभवी एवं प्रतिभाशाली रिपोर्टर एवं उप-संपादक की तत्काल आवश्यकता है।
योग्यताएँ :-
1. पत्रकारिता एवं जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा।
2. किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र में कम से कम 2 वर्ष का अनुभव। (फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं यदि उनमें बेहतरीन लेखन क्षमता हो)।
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा निम्न पते पर भेजें।
हरिभूमि प्रेस
गौरव पथ, रिंग रोड नं 2 बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401050